वर्ष- 21 अंक - 340 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 26 मई 2026

# अब सीएनजी पर महंगाई का बम




## 2 रुपए प्रति किलो का इजाफा

### 12 दिन से पेट्रोल-डीजल और सीएनजी में लगातार लग रही है आग

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पेट्रोल-डीजल के बाद अब सीएनजी पर महंगाई का बम एक बार फिर से फूटा है। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमतों में 2 रुपये प्रति किलो का इजाफा किया गया है और अब दिल्ली में सीएनजी मूल्य 83.09 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। तेल-गैस पर महंगाई की मार लगातार पड़ रही है, जहां बीते 12 दिन में आम आदमी की जेब पर भारी पड़े हैं। बीते 12 दिन में देश में पेट्रोल-डीजल के दाम 7 रुपए प्रति लीटर से ज्यादा बढ़ चुके हैं, तो कुल मिलाकर इस अवधि में सीएनजी 6 रुपए प्रति किलो बढ़ा है।

## तृणमूल के कई सांसद भाजपा के संपर्क में

कोलकाता ● एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस को निकट भविष्य में एक और बड़ा झटका लग सकता है। पश्चिम बंगाल में सत्ता गंवाने के बाद पार्टी नेतृत्व के कामकाज से नाराज पार्टी के कई सांसद भाजपा के संपर्क में हैं। इनमें से ज्यादातर राज्यसभा के सदस्य हैं। कुछ लोकसभा के सांसद और विधायक भी नाराज हैं। राज्यसभा में टीएमसी के 13 तो लोकसभा में 28 सदस्य हैं। हाल ही में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा के सात सदस्यों ने भाजपा का दामन थामा था। हालांकि चुनाव परिणाम आने के बाद तृणमूल कार्यकर्ताओं के पार्टी में प्रवेश पर अस्थाई रोक लगा चुकी भाजपा इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम उठाने की रणनीति के तहत तत्काल कोई फैसला लेने से परहेज बरत रही है।

## आज राहुल-खड़गे के दरबार में
# कर्नाटक का नाटक

नई दिल्ली ● एजेंसी



**कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और डीप्टी सीएम डीके शिवकुमार आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ बैठक करेंगे। राज्य में मुख्यमंत्री और कैबिनेट में बदलाव की चर्चाओं के बीच दोनों सोमवार रात को दिल्ली पहुंचे। सिद्धारमैया के साथ कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर भी थे। दिल्ली पहुंचने के बाद सिद्धारमैया ने कहा- हाईकमान ने बुलाया है, इसलिए आया हूं।**

वहीं शिवकुमार ने दिल्ली रवाना होने से पहले कहा, 'कुछ परिस्थितियों में दिल्ली जाना जरूरी हो जाता है, इसलिए जा रहा हूं।' बैठक को राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन, कैबिनेट फेरबदल और पार्टी के अंदरूनी विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ...



### सिंगर दिलजीत दोसांझ के घर को बम से उड़ाने की धमकी

**लुधियाना.एजेंसी।** पंजाब के मशहूर गायक और एक्टर दिलजीत दोसांझ और लुधियाना की मेयर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। लुधियाना नगर निगम के आलाधिकारियों को एक धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। मेयर का ऑफिस खाली करा लिया तो दिलजीत दोसांझ के घर की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई।

### अमेरिका ने ईरान की नावों को किया तबाह

**मंगलवार.एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइट्स और आईआरजीसी की उन नावों पर हमला किया जो कथित तौर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में माइंस बिछा रही थीं। यह कार्रवाई अमेरिकी सैनिकों और युद्धपोतों की सुरक्षा के लिए की गई। इसके अलावा बंदर अब्बास में एक मिसाइल साइट भी तबाह की गई।

### 50 हजार के नकली नोट देकर खरीदे कुर्बानी के बकरे

**सूरत.एजेंसी।** बकरी ईद से पहले गुजरात के सूरत में बकरा मंडी में राजस्थान से बकरे बेचने पहुंचे एक कारोबारी को चार लोगों ने 50 हजार रुपए के नकली नोट थमाकर दो बकरे खरीद लिए। अगले दिन नोटों की जांच में ठगी का खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### नौतपा में बिगड़ा कूलर तो मैकेनिक को मार डाला

**बागपत.एजेंसी।** बागपत के हिलवाड़ी गांव में कूलर की मरम्मत को लेकर हुए विवाद में एक कूलर मैकेनिक चन्द्रपाल की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि पैसे के विवाद में बबलू नामक युवक ने उसे पैसे देने के बहाने बुलाकर हमला कर दिया। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## 16वीं बार जेल से बाहर आए राम रहीम

चंडीगढ़ ● एजेंसी

डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर बड़ी राहत मिली है। हरियाणा सरकार ने राम रहीम को इस बार 30 दिनों की पैरोल मंजूर की है। पैरोल की कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद, आज सुबह ठीक 6 बजकर 30 मिनट पर राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आए। जेल से बाहर आने के बाद राम रहीम को पुलिस के एक बहुत बड़े और कड़े काफिले के साथ सीधे सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय के लिए रवाना किया गया। राम रहीम को अब तक 16वीं बार पैरोल या फरलो का फायदा मिला है।



## राहुल ने फिर कहा- गिर जाएगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली में कांग्रेस ने अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में राहुल गांधी ने फिर कहा कि मोदी सरकार एक साल में चली जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस ने 1980 और 1990 के दशक में अनुसूचित जाति समुदाय को मजबूती से फोकस किया होता तो क्षेत्रीय क्षेत्रीय दल राजनीतिक रूप से मजबूत नहीं हो पाते।

## दिग्विजय ने शेयर किया मैथली का महंगाई डायन गीत

मंगलवार ● एजेंसी

गायिका मैथली ठाकुर फिलहाल बिहार की अलीगढ़ सीट से भाजपा की विधायक है। देश की सबसे युवा विधायक मैथली आज सोशल मीडिया पर अपने गीत के कारण ट्रोल हो रही है। दरअसल करीब 7 साल पूर्व मैथली ने सैया तो खूब कमात है...महंगाई डायन खाय जात है...गीत गाया था। अब जब पेट्रोल-डीजल और सीएनजी सहित कई सामग्रियों के भाव बढ़े तो भाजपा विधायक का यह गीत वायरल हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने भी इस गीत को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

## दो सड़क हादसों में 10 की मौत

**मंगलवार.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के उन्नाव में डबल डेकर बस पलटने से 6 यात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। उधर उत्तरप्रदेश के ही बाराबंकी के हैदरगढ़ में लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर खड़े ट्रक में पीछे से इनोवा टकरा गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई व 3 को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

## दूल्हे ने दुल्हन के गांव को दिया 33 करोड़ का तोहफा

नांदेड़ ● एजेंसी

महाराष्ट्र में नांदेड़ के कंधार तालुका के बहादरपुरा में अनोखी शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। दूल्हा सिद्धेश्वर पेठकर ने अपनी शादी में पूरे गांव के 3465 लोगों के लिए 1-1 लाख का एक्सीडेंट इंश्योरेंस कराकर दिया। इस सामूहिक बीमा की कीमत 33.6 करोड़ रुपए है। दूल्हा सिद्धेश्वर पेठकर ने बताया कि गांव में सांप काटने, बिजली गिरने और खेती संबंधी दुर्घटनाएं आम हैं। इन दुर्घटनाओं के चलते कई परिवार बिना किसी सहारे के बिखर जाते हैं। इसी को ध्यान में रखकर परिवार ने ग्राम पंचायत के नाम पर ग्रुप एक्सीडेंट पॉलिसी खरीदी।



# विशेष जांच आयोग के समक्ष पूर्व पार्षद ने प्रस्तुत किए दस्तावेज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने बताया कि भागीरथपुरा कांड पानी के नाम पर भ्रष्टाचार के कारण हुआ है। नगर निगम में करोड़ों के कथित जल, सीवरेज, ड्रेनेज, फर्जी बिलिंग, सार्वजनिक धन दुरुपयोग, घोटाले सहित अन्य योजनाओं में घोटाले की शिकायत उच्च न्यायालय द्वारा गठित जांच आयोग को 40 पृष्ठों के विस्तृत दस्तावेज के साथ पेश की। इसमें दूषित पानी से मौत और जन स्वास्थ्य संकट पर भी जानकारी दी गई है। नमामि गंगे परियोजना में पहले कथित भ्रष्टाचार, फर्जी बिलिंग, प्रशासनिक मिली भगत और जनता के जीवन से खिलवाड़ की जानकारी दी गई। जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने में दिलीप कौशल द्वारा यह भी कहा कि प्रस्तुत अभ्यावेदन में आरोप लगाया गया है कि इंदौर नगर निगम द्वारा वर्षों से नमामि गंगे, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी, सीवरेज नेटवर्क, ड्रेनेज लाइन, पाइप लाइन संधारण, एसटीपी संचालन, नदी पुनर्जीवन एवं जल वितरण परियोजनाओं के नाम पर भारी-भरकम बजट खर्च किए जाने के बावजूद नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा सका। शहर के अनेक क्षेत्रों में आज भी सीवर मिश्रित पानी, बदबूदार एवं काला पानी, पाइप लाइन लीकेज, जलभराव, सीवर ओवरफ्लो और गंदगी की भयावह स्थिति बनी हुई है। जबकि 35 से 50 वर्ष पुरानी जर्जर पाइप लाइन आज भी उपयोग में हैं, जिससे वे लीकेज होकर सीवरेज मिश्रण पीने के साथ कर रही है और दूषित पानी लोगों को मिल रहा है, जिससे बीमारियां हो रही है। ठेकेदार, जनप्रतिनिधि, अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी निगम में चल रहा है। करोड़ों रुपये की परियोजनाएं कागजों में पूरी दिखाकर भुगतान कर दिए गए जबकि जमीनी स्तर पर हालात बद से बदतर बने हुए हैं। इस पत्र में 128 करोड़ रुपये के कथित फर्जी बिल प्रकरण का भी गंभीर उल्लेख किया गया है। कौशल ने कहा कि इंदौर में जल आपूर्ति और ड्रेनेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। कई योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिख रही है। 2023 के स्नेह नगर बावड़ी हादसे का भी जिक्र किया, जिसमें कई लोगों की मृत्यु हुई थी। दूषित पानी से भी भागीरथपुरा में मौत हुई उसका भी जिक्र किया गया। उक्त पूर्ण जानकारी पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने देते हुए बताया कि न्यायिक आयोग के समक्ष दिलीप कौशल, रवि गुरनानी, दिनेश सिलावट, दिलीप बामनिया, राजू सोनकर, मुकेश बाथम, हरीश जोशी, गजेन्द्र, गोपाल गर्ग भी मौजूद रहे।



## भाजपा नगर अध्यक्ष से की प्रभारी ने मुलाकात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा से दिल्ली में मुलाकात करने भाजपा प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह पहुंचे। स्वास्थ्य की जानकारी लेकर शीघ्र स्वस्थ होने की बात भी कही।



## धरना के पहले तक निमंत्रण जारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ब्लॉक अध्यक्ष निलेश सेन शैलू ने बताया कि कांग्रेस द्वारा आज राजवाड़ा पर शाम को धरना दिया जाएगा। उसके लिए ब्लॉक क्षेत्र के वार्ड 55 सहित सभी वार्डों के घर-घर धरना में आमंत्रण का आग्रह किया जा रहा है। लोगों को पानी की समस्या बताकर निमंत्रित किया जा रहा है।

## भाजपाई ई-वाहनों से पहुंचेंगे प्रशिक्षण वर्ग स्थल पर

### प्रधानमंत्री के मन की बात भी सामूहिक सुनेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान के अंतर्गत 30 व 31 मई को एमआर 10 स्थित एचआर ग्रीन होटल में आयोजित किया जाएगा। इन दो दिनों में भाजपाई प्रशिक्षण वर्ग स्थल पर ई-वाहनों से पहुंचेंगे और 31 मई रविवार को होटल में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सामूहिक रूप से भाजपाई सुनेंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। यह प्रशिक्षण वर्ग पहले से चल रहा है। प्रथम चरण में मंडल प्रशिक्षण, दूसरे चरण में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग अब आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण वर्ग में आमंत्रित कार्यकर्ता ही पहुंचेंगे, जिनका पंजीयन भी किया जाएगा और यह अपेक्षित कार्यकर्ता रात्रि विश्राम वर्ग स्थल होटल में ही करेंगे और कार्यकर्ता दैनिक उपयोग की सारी वस्तुएं साथ में लाएंगे। 12 विषय पर वर्ग दो दिनों तक आयोजित होगा। इसके लिए वक्ता भी तय है, जो मार्गदर्शन देंगे। कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग तक इलेक्ट्रिक वाहन, दो पहिया वाहन, लोक परिवहन का उपयोग करेंगे। रविवार 31 मई को प्रशिक्षण स्थल पर एलईडी टीवी लगाकर कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के मन की बात सुनाई जाएगी। इस तैयारी को लेकर कल बैठक आयोजित की गई। रवि रावलिया, अशोक अधिकारी, भूपेन्द्र केसरी, गुलशन यादव, नितिन शर्मा, वरुण पाल, गोविंद पंवार, आकाश गर्ग, नितिन शर्मा, रितेश शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, दीपेश पचोरी, राजा कोठारी, सुखविंदर भाटिया मन्नी, दीपक बागवान, सौरभ खण्डेलवाल, नारायण पालीवाल, स्वाति काशीद, सचिन बंसल, हेमराज वाडिया, विशाल यादव आदि उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव में सभी दूर उतारेगी उम्मीदवार



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आम आदमी पार्टी हर विधानसभा क्षेत्र में बैठक आयोजित कर रही है। विधानसभा 5 में भी आप की बैठक हुई, जिसमें कहा कि सबसे कम समय में आप राष्ट्रीय पार्टी बनी है। अब प्रदेश में आप की सरकार बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। आप पूरे प्रदेश से लेकर इंदौर निकाय चुनाव में भी प्रत्याशी उतारेगी। विधानसभा चुनाव में भी पूरी 230 सीटों पर पार्टी अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए संगठन विस्तार भी किया जा रहा है। प्रकोष्ठों में भी नियुक्ति की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आम लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए, उनको सदस्यता दी जाए क्योंकि जनता भाजपा और कांग्रेस दोनों से त्रस्त हो चुकी है।

## क़ांग्रेस कार्यकर्ता मिलन में पहुंचे पूर्व विधायक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गांधीनगर मेनरोड स्थित परशुराम धर्मशाला में वार्ड क्रमांक 15 के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित 'कार्यकर्ता मिलन एवं सम्मान समारोह' एवं सहभोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे। देपालपुर विधानसभा 2028 के विधानसभा चुनाव में टिकटिकी लगाए पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल पहुंचे तो उनका स्वागत किया गया। पटेल ने उदबोधन में कहा कि आगामी 6 माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री हो जाएंगे। बैसाखियों के सहारे खडी केन्द्र सरकार की स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है। पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश का युवा, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग एवं छोटा व्यापारी लगातार परेशान हो रहा है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता ने आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। चिंटू चौकसे, चेतन चौधरी, विक्रम मस्ताल, शेखर पटेल, मुकेश चौहान मौजूद थे।



### मेडिकल कॉलेज और एमवाय परिसर में नर्सेस एसोसिएशन की ओर से मिलेगा प्रतिमा के लिए सहयोग

## राजनेताओं की मौजूदगी में माता अहिल्या की दो प्रतिमा स्थापित होगी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इन्दौर की देवी लोकमाता अहिल्या देवी की जयंती 31 मई को मनाई जाएगी। कई आयोजन भी होंगे। इनमें महात्मा गाँधी स्मृति मेडिकल कॉलेज एवं एमवाय चिकित्सालय में स्थापित करने के लिए नर्सेस एसोसिएशन मध्यप्रदेश की ओर से लोकमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा भेंट की जाएगी। शाम 5 बजे मेडिकल कालेज के हाल में कार्यक्रम भी आयोजित होगा। कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नर्सेस एसोसिएशन के सोहनलाल शर्मा, बालकिशन शर्मा, राहुल जादौन, नवलविहारी शर्मा, धर्मेश शर्मा, राहुल गोयल मौजूद रहेंगे।क़ल नर्सेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंत्री तुलसीराम सिलावट से भेंट की और उन्हें प्रतिमा दोनों जगह स्थापित करने की जानकारी भी दी गई। देवी अहिल्या की प्रतिमा स्थापना को लेकर नर्सेस एसोसिएशन ने मेडिकल कॉलेज एवं एमवाय अस्पताल के अधिकारियों से अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग से जुडे अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# कुमार विश्वास का आयोजन बाउंड्री टूटने और पानी के अंदेशे में निरस्त

## 3 हजार टिकिट माहेश्वरी समाज ने करा दिए थे बुक सभी एजेसिंयो को हो गया था अग्रिम भुगतान, अब आगे नए सिरे से होगी तैयारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

रेजल-डेजल इवेंट द्वारा 30 और 31 मई को कुमार विश्वास का अपने-अपने श्याम कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, लेकिन कल यह कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया, जिसके पीछे प्रारंभिक कारण बारिश का अंदेशा बताया गया। हालांकि लोग यह कारण पचा नहीं पा रहे थे, जिसके बाद सिटी ब्लास्ट ने इवेंट कम्पनी के संचालक देव जोशी से बात की।

जोशी ने बताया कि आयोजन के एक दिन पहले से और दो दिन बाद तक हवा के साथ पानी की भविष्यवाणी की गई क्योंकि यह आयोजन बायपास फिनिक्स मॉल के पास करीब सवा लाख स्क्वेयर फीट के खुले मैदान में होना था। यह मैदान फिनिक्स मॉल के पास लीज पर है और उन्हीं से यह जगह इवेंट कम्पनी ने आयोजन के लिए ली थी और इस आयोजन के लिए कुमार विश्वास से लेकर साउंड, टेंट और सभी को अग्रिम भुगतान भी कर दिया गया था। इधर केन्द्र सरकार की एजेंसी एनएसआई ने रोड चौड़ीकरण के अन्तर्गत इस आयोजन स्थल की जगह के वॉल्व को करीब तीन दिन पहले तोड दिया था और वहां अन्दर जमीन तक गड्ढे कर दिए गए थे, इससे आयोजन सीधा-सीधा दो कारणों से इफेक्ट हो गया। एक तो पानी की चेतावनी जिससे बड़ा मंच यहां लगने वाले सोफा और जगह सहित अन्य सामग्री गीली हो जाती। पानी पहले या आयोजन के दौरान गिरता तो सब कुछ बिगड़ जाता और इधर तोड़फोड़ कर दी गई, जिससे जगह भी कम हो गई और आयोजन में समय भी कम था, जिसकी व्यवस्था भी ठीक नहीं हो सकती थी। देव जोशी ने अपने इवेंट साथियों के अलावा 3 हजार टिकिट लेने वाले माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री पप्पू से भी चर्चा की थी। इधर कम कीमत के बाद भी माहेश्वरी समाज में पूरी तरह टिकिट भी नहीं बिके थे। आखिरकार पानी की चेतावनी और दो तरफ से बाउण्ड्रीवॉल टूटने और मैदान में गड्ढा होने की वजह से कुमार विश्वास का इंदौर में पहली बार होने वाला अपने-अपने श्याम का आयोजन निरस्त किया गया। इसकी जानकारी कुमार विश्वास और उनकी टीम के अलावा माहेश्वरी समाज को भी दे दी गई और जिन-जिन इवेंट से संबंधित लोगों को भुगतान किया गया था वह भुगतान भी कैरी फारवर्ड होगा और कुमार विश्वास का यह आयोजन आगे समय निर्धारण कर किया जाएगा ऐसा भी देव जोशी ने सिटी ब्लास्ट को बताया। यह बायपास वाली जगह कार्यक्रम होना था वह किसी पाटीदार की जगह है, जिसे लीज पर फिनिक्स मॉल ने ले रखी है और जहां बड़ा मंच बनना था वहां पर भी तोड़फोड़ हुई, जिससे श्रोताओं की संख्या भी कम हो जाती और जो टिकिट विक्रय की स्थिति बनाई गई थी वहां लोग पूरी तरह टिकिट बिक्री के बाद बैठ नहीं पाते। बाउण्ड्रीवॉल तोड़ने के साथ बाहर लगे पेड़ भी उखाड़े गए थे, जिससे भी जगह पूरी तरह असुरक्षित हो गई थी। कुल मिलाकर रोड चौड़ीकरण में बाउण्ड्रीवॉल टूटी, अन्दर गड्ढे हुए, पेड़ उखड़े और इधर तीन दिन तक पानी का हवाला देखकर यह कार्यक्रम कुमार विश्वास का अपने-अपने श्याम का निरस्त करना पडा। इस आयोजन के निरस्त होने से कई लोग दुखी है। इधर माहेश्वरी समाज के सोशल मीडिया पर भी कार्यक्रम निरस्त हुआ तो उसके कारण जानने की कोशिश की गई, समाज को केवल पानी का हवाला दिया गया था। सच्चाई यह भी थी कि जो 3 हजार इवेंट कम्पनी ने माहेश्वरी समाज को अलग-अलग दर के दिए थे वे टिकिट समाज ने अपनी क्षेत्रीय संस्थाओं और अन्य संगठनों से बात कर दिए थे, लेकिन अभी तक यह टिकिट भी विक्रय नहीं हुए थे और कल कार्यक्रम निरस्त होने के बाद यह टिकिट भी वापस बुलाकर इवेंट कम्पनी को बुलाकर दे दिए गए हैं। माहेश्वरी समाज के सूत्रों का कहना है कि कार्यक्रम निरस्त हुआ तो इतने महंगे टिकिट से समाज झंझट में आने से बच गया।





## विधायक, सरपंच ने किया पुरानी बावड़ी का लोकार्पण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

ग्राम पंचायत तिल्लोर खुर्द में गंगा दशहरा पर 900 वर्ष पुरानी बावड़ी का लोकार्पण किया गया। इस बावड़ी का निर्माण 1184 में किया गया था। अब इस बावडी का लोकार्पण के साथ इससे लोगों को पानी मिले इसके प्रयास भी किए गए। गांव की धरोहर को संरक्षित करने का संकल्प और जल संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। विधायक मधु वर्मा, सरपंच प्रिया-धर्मेन्द्र ठाकुर, महंत सोमेश्वरगिरि महाराज, भूपेन्द्र गुर्जर, विश्वजीत सिसोदिया, सुभाष चौधरी, संजय नीमवाले, धर्मेन्द्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस नेताओं ने किया श्रद्धालुओं का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता अजय शर्मा की माता कांतादेवी शर्मा ने चारधाम की यात्रा की और वापस लौटी तो उनके सम्मान का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता सदाशिव यादव, सुनील यादव, दिनेश मल्हार, ठा. जितेन्द्र सिंह, भीम राठौर सहित अन्य सम्मान में मौजूद रहे।

## जैन समाज में चली दो ज्ञापन वाली चर्चा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज के सोशल मीडिया पर कल दिन भर जैन समाज के जुलूस के बाद कलेक्टर कार्यालय में दोनों सामाजिक संसद के पदाधिकारियों द्वारा अलग-अलग दिए गए ज्ञापन की चर्चा चलती रही। कुछ ने यह भी लिखा कि वापस सामाजिक संसद दो गुटों में बंटकर समाजजनों को नुकसान पहुंचा रही है। एक ने कलेक्टर कार्यालय में बाहर ज्ञापन दिया तो दूसरे गुट ने अन्दर ज्ञापन देने की जिद में धरना दे दिया और समाजजन बाहर धूप में परेशान होते रहे। बाहर ज्ञापन देने वाले गुट के लोग वापस चले गए थे। इससे समाज की गुटबाजी भी सामने दिखाई दी थी। जमकर सोशल मीडिया पर गुटबाजी का मामला लिखा जा रहा है, अब देखना होगा कि इससे पदाधिकारियों को फर्क पड़ता है या नहीं।



## भाजपा नेता पहुंचे मिश्रा का स्वास्थ्य जानने दिल्ली

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने इन्दौरी भाजपा नेता शेखर चौधरी और उनके साथ कपिल तिवारी, नागेश पंवार पहुंचे और उन्होंने स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# कांग्रेस आज शाम को मांगेगी महापौर से इस्तीफा

## अलग-अलग वार्डों से पहुंचेगे राजबाडा पर जत्थे

### लोगों को शाम को राजबाडा एमजी रोड की जगह सम्भालना होगा दूसरा रोड

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**शहर कांग्रेस द्वारा आज मंगलवार की शाम 5 बजे से राजबाडा पर शहर में मौजूद पानी के संकट के समाधान और महापौर के इस्तीफा की मांग को लेकर संगठन जिम्मेदारों, कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पानी दो...पानी दो...के नारे भी गुंजेंगे। कुछ कांग्रेसी बैनर और हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचेंगे जिसमें जल समस्या और महापौर से इस्तीफे की मांग की जाएगी।**

पहले ही राजबाडा एमजी रोड पर शाम को यातायात का दबाव रहता है ऐसे में राजबाडा क्षेत्र में आज भीड के कारण सीधा असर यातायात पर दिखाई देगा। पुलिस भी शाम को शहर के मध्य राजबाडा क्षेत्र में यातायात की चाक चौबंद व्यवस्था की कोशिश करेंगी। फिर भी सिटी ब्लास्ट जनहित में यही कहता है कि शाम को राजबाडा से कुछ दूरी से ही अपना आना-जाना जारी रखे, नहीं तो यहां भीड से दिक्कत आ सकती है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर के सभी 85 वार्डों के अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, नगर पदाधिकारी, मोर्चा संगठन पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने गृह क्षेत्र से आम लोगों के साथ इस धरना प्रदर्शन में पहुंचे। विपक्ष में होने के नाते कांग्रेस जनता की आवाज उठा रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आज शाम राजबाडा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस प्रभारी बाला बच्चन, पंकज उपाध्याय सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहेंगे। चौकसे ने कहा कि निगम ने जनता की पानी की समस्या हल करने की पहले से कोई योजना नहीं बनाई और बढ़ते शहर में पानी सप्लाय के लिए टैंकर भरने के लिए हाइड्रेंट भी उतने नहीं है और ना ही उनके लिए योजना बनाई है। चौकसे ने कहा कि एक टैंकर को भरने में 3 से 4 घंटे लग रहे है, इससे टैंकर कम राउण्ड लगा रहे है। नर्मदा का जल भी कम समय के लिए नलों में आ रहा है, उसमें भी कई जगह गंदा पानी आता है। भाजपा जनप्रतिनिधि पानी मुद्दे पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है। भाजपा परिषद को 26 साल हो चुके है और ऐसी पानी की मारा-मारी पहले कभी नहीं आई। जनता की परेशानी के समाधान के लिए आज शाम 5 बजे कांग्रेस राजबाडा पर धरना देंगी। वार्डों से कार्यकर्ता और जनता जत्था बनाकर राजबाडा पहुंचेगी। आंदोलन के लिए कांग्रेस ने अलग-अलग ब्लाक और वार्डों की बैठक भी आयोजित की। कांग्रेस पार्षदों से भी चर्चा कर उन्हें भी जिम्मेदारी दी गई है। जल संकट का जब तक समाधान नहीं होगा तब तक कांग्रेस जनहित में आवाज उठाएंगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव से इस्तीफा भी बार-बार मांगा जाएगा।

**पहले भागीरथपुरा कांड उसके बाद जल संकट ने लोगों के बीच पहुंचने का दिया मौका**

# पानी से जिंदा हुई कांग्रेस

**कांग्रेस के पास अगला मुद्दा भी तैयार, बारिश में उठाएंगे जल भराव की समस्या**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**इंदौर में पानी ने कांग्रेस को जिंदा होने का मौका दिया है। पानी के मुद्दे को लेकर ही कांग्रेस एक बार फिर लोगों के बीच अपने वोट बनाने में कामयाब हो रही है। लगातार पानी से जुड़े मुद्दों को लोगों के बीच में जाकर उठाना, उनकी समस्याएं सुनना और उसका निराकरण करना कांग्रेसी नेताओं के लिए आम नागरिकों का विश्वास जीतने जैसा है।**

## असली मुद्दों की लड़ाई

कांग्रेस पिछले दिसंबर माह से इंदौर में पानी की लड़ाई लड़ रही है, जिस तरह से पहले भागीरथपुरा में गंदे पानी के कारण कई लोगों की जान को लेकर कांग्रेसियों ने आम नागरिकों की सुनवाई नहीं होने के मुद्दे को उठाया और उनका हाथ पकड़ कर जिम्मेदारों के बीच उनका साथ दिया और सरकार और सिस्टम से सवाल पूछे। जैसे ही इस समस्या का हल होने लगा कांग्रेस के हाथ जल संकट का मुद्दा लग गया। फिलहाल इस समस्या से हर कोई पीड़ित है चाहे वह भाजपा या फिर कांग्रेस से ताल्लुक रखता हो। पानी नहीं मिलना पूरे शहर का दर्द है। भारी भरकम टैक्स चुकाने और हर माह नर्मदा का बिल भरने के बावजूद भी नलों में पानी चंद मिनटों के लिए आ रहा है, वही जिम्मेदार एक दूसरे के प्रति सवाल उठाते हुए अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। फिलहाल प्रदर्शन का दौर चल रहा है। कांग्रेस शहर में लगभग अब तक 15 प्रदर्शन कर चुकी है जिसमें चक्का जाम और जोन कार्यालय ऊपर पानी के मटके फोड़ना शामिल है।

## पानी के साथ सत्ता की राह

कांग्रेसी नेताओं का यह मानना है कि पानी को किसी भी स्थिति में छोड़ना नहीं है अब पानी ही उन्हें सत्ता की राह दिखाएगा और इंदौर नगर निगम के साथ प्रदेश में एक बड़ा मुकाम भी देगा। इसीलिए आगामी बारिश के दौरान कांग्रेस जल भराव वाले स्थान को जाग्रत करके नागरिकों की समस्या हल करने के लिए अभी से प्लानिंग कर रही है क्योंकि इस बार शहर में पेचवर्क नहीं हुआ है, कई सड़क खोदी हुई है, कहीं लाइन डैमेज है ऐसी स्थिति में गड्ढे और जल भराव की समस्या आगामी बारिश के मौसम में कांग्रेस को आम नागरिकों के बीच जाने का मौका जरूर देगी।

## अगला मुद्दा जल भराव

पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच फिलहाल एक ही बात की चर्चा है कि कांग्रेस आम नागरिक के आम मुद्दों को लेकर पहुंच रही है जिससे उन लोगों का विश्वास कांग्रेस पर लौट रहा है जो इस संकट के समय उनकी मदद कर रहे हैं। फिलहाल मौसम कांग्रेसियों का साथ दे रहा है। पिछले साल में मई 2026 में 8 इंच बारिश होने के कारण जल संकट जैसी स्थिति बनी ही नहीं थी, अप्रैल में बोरिंग सूखना शुरू हुए थे लेकिन मई माह में बोरिंग चालू हो गए थे। इसीलिए इस साल कुछ दिन और यही स्थिति बनी रही तो कांग्रेस को और अधिक आक्रामकता से जल संकट का मुद्दा उठाने का मौका मिलेगा। यदि पानी गिर भी गया तो अगला मुद्दा कांग्रेस के लिए जल भराव वाला जिंदा है। कांग्रेस ने इस बार जल भराव को लेकर रणनीतिक तरीके से उठाने के लिए काम शुरू कर दिया है। शहर के जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है जहां कांग्रेस के लगातार प्रदर्शन होंगे।

## समान रूप से मिलेगा पानी, हटाए जाएंगे कब्जे

कांग्रेस द्वारा सांसद और विधायक निधि से किए गए बोरिंग पर भाजपा कार्यकर्ताओं के कब्जे का मुद्दा उठाए जाने के बाद नगर निगम आयुक्त और कलेक्टर ने कहा है कि जो भी बोरिंग शासकीय निधि से करवाए गए हैं वहां से सभी को समान रूप से पानी मिलेगा यदि कोई शिकायत किसी भी व्यक्ति या दल द्वारा की जाती है तो उस पर कार्यवाही की जाएगी किसी एक का अधिकार बोरिंग पर नहीं रहेगा समान रूप से पानी का वितरण या फिर टैंकर भरने जैसी व्यवस्थाएं की जाएगी। निजी बोरिंग को अधिकृत करने के बयान पर एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने शासकीय बोरिंग पर कब्जा होने का मुद्दा उठाया था और भाजपा कार्यकर्ताओं से शहर के ऐसे सभी बोरिंग को मुक्त करने का आग्रह किया था यहां कांग्रेसियों को पानी नहीं दिया जा रहा है।

# कोली समाज के अधिवेशन के लिए महावर को मिला 5 जिलों का प्रभार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. कोली समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में होगा उसकी तैयारियां भी देशभर के साथ-साथ प्रदेश और जिलों में की जा रही है। म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया ने प्रदेश के 30 जिलों में प्रभारी नियुक्त किए, जिससे ज्यादा से ज्यादा कोली समाजजन दिल्ली पहुंच सके। महेश उमरैया और दिलीप देवरिया ने इंदौर के प्रकाश महावर कोली को 5 जिलों बड़वानी, धार, खरगोन, उज्जैन एवं रतलाम का प्रभार सौंपा है। सहप्रभारी भी साथ में ओमप्रकाश धीमान, प्रहलाद टाटवाल, दिनेश वर्मा, ज्योति खंडेलवाल को अलग-अलग जिले के बनाया है। सभी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में पहुंचकर समाज की बैठक लेंगे।

# जल सत्याग्रह में शामिल हुए शिव सैनिक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मंदसौर के सीतामऊ तहसील के तितरोद गांव स्थित वृंदावन धाम गौशाला की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर वहां एसडीएम को ज्ञापन दिया गया था। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई, शिवसेना ने उसी समय अतिक्रमण नहीं हटने पर जल सत्याग्रह की घोषणा की थी। इस बीच शिव सेना ने उज्जैन में भी क्षिप्रा मैया क्षेत्र में प्रदर्शन कर वहां भी अतिक्रमण हटाने की गुहार की थी और भोपाल के शीतलदास बगिया में जल सत्याग्रह की




चेतावनी दी थी, आखिरकार शिवसेना ने कल प्रदेश भर के शिवसैनिकों के साथ जल सत्याग्रह किया। राज्य प्रमुख सुनील शर्मा की मौजूदी में कल इस सत्याग्रह में इंदौर से भी युवा सेना जिला प्रमुख धनराज दामके, परमजीतसिंह मेकन, मनीष शिंदे, सुरेन्द्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, डेनी चौहान, श्रीराम चाकरे, विकास चौहान, दीपक भैया, शिव भैया, राजेश अरोरा, लक्ष्मणराम कुमावत मौजूद थे।

# सिरपुर तालाब पर पहुंचे कलेक्टर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कलेक्टर शिवम वर्मा आज सुबह सिरपुर तालाब पर पहुंचे। उन्होंने तालाब के आसपास तालाब के कैचमेंट एरिया में किए हुए निर्माण देखें। उन्होंने इन निर्माण के कारण तालाब तक पानी आने में पैदा होने वाली बाधा को भी देखा। उसके बाद कलेक्टर के द्वारा नगर निगम और जिला प्रशासन के माध्यम से संयुक्त रूप से कार्यवाई करते हुए यह सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

# गाड़ी धोने के सर्विस सेंटर सहित अन्य पर पानी हो प्रतिबंधित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता घनश्याम जोशी ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को पत्र भेजकर मांग की है कि इंदौर के 85 वार्डों के हर मोहल्लों में पानी का जल संकट गहराया हुआ है। ऐसे समय में जहां पानी की बर्बादी होत है वहां पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। इस समय स्विमिंग पूल और गाड़ियां धोने के सर्विस सेंटर के अलावा क्लब व अन्य जगह पर भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करना चाहिए, जिससे निजी पानी के टैंकर जो पानी इन सर्विस सेंटर, स्विमिंग पूल से लेकर अन्य जगह दे रहे हैं उस पानी को बचाया जा सके।



# हादसे को न्यौता देती टूटी जाली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राजनगर मेनरोड स्थित पुलिस चौकी के समीप सडक पर लगी लोहे की जाली टूट गई है। मुख्य मार्ग पर टूटी जाली से दुर्घटना की आशंका है। तीन दिन पहले यह जाली टूट गई थी लेकिन अब तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली।

# कलेक्टर-आयुक्त की जलप्रदाय व्यवस्था के लिए समीक्षा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान शहर में सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मूसाखेड़ी स्थित सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, विभागीय अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर में वर्तमान जल प्रदाय व्यवस्था, पेयजल टंकियों की स्थिति, वॉटर टैंकर



संचालन, हाइड्रेंट व्यवस्था तथा नागरिकों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा विभिन्न जोनों में जल वितरण की स्थिति, जल आपूर्ति के समय, टैंकरों की उपलब्धता एवं संभावित समस्याओं के निराकरण हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में बढ़ती जल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी सतत मॉनिटरिंग करें तथा जहां भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय पर एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर एवं आयुक्त द्वारा स्काडा कंट्रोल रूम में पानी टंकी भरने और सप्लाई संबंधी जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयुक्त क्षितिज सिंघल ने समस्त अपर आयुक्तों को निर्देशित किया कि अपने-अपने आवंटित जोन क्षेत्रों में जल प्रदाय व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें तथा फील्ड स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल टंकियों की साफ-सफाई, जल वितरण व्यवस्था, हाइड्रेंट संचालन एवं टैंकर आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



# कोई बुजुर्ग था बेटे बहू से परेशान तो किसी की संपत्ति पर हो गया कब्जा

## प्रशासन के शिविर में उम्मीद से पहुंचे और मिल गई राहत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर जिला प्रशासन के द्वारा लगाए गए शिविर में उम्मीद के साथ पहुंचे बुजुर्गों की अपनी शिकायत थी। कोई बुजुर्ग अपने बेटे बहू से परेशान था तो किसी की संपत्ति पर कब्जा हो गया था। कलेक्टर ने इन शिकायतों का समाधान करने के लिए ही शिविर लगाया था और इस शिविर में इन सभी को राहत भी मिल गई। कुछ लोगों की समस्या का तो हाथों-हाथ समाधान हो गया और कुछ की समस्या के समाधान की प्रक्रिया शुरू हो गई।

कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल से कई वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट कर आ गई। बुजुर्ग बोले हमें ऐसे न्याय की उम्मीद नहीं थी। वैसे तो लोक माता देवी अहिल्याबाई की नगरी के रूप में पहचाने जाने वाले इंदौर के लिए यह एक शर्मनाक दृश्य है कि इस शहर में बुजुर्ग न्याय के लिए भटक रहे हैं। जिन बेटों के लिए लोग जगह-जगह मन्नते करते हैं और उनकी खुशी के लिए अपना सारा जीवन कुर्बान कर देते हैं उन बेटों से आहत होकर जब माता-पिता को दर-दर भटकना पड़े तो इसे क्या कहा जाएगा । इंदौर ने हर क्षेत्र में जो उन्नति की है उसकी दूसरी तस्वीर यह है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए ऐसे वृद्ध जनों के लिए अपने कार्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया था। प्रशासन के द्वारा आयोजित की जाने वाली हर मंगलवार की जनसुनवाई में भी बड़ी संख्या में बुजुर्ग अपनी शिकायत लेकर पहुंचते रहे हैं। इस स्थिति में ही प्रशासन को इस तरह का शिविर आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

इस शिविर में लगभग 300 से ज्यादा वृद्ध जन अपनी उम्मीदें लेकर पहुंचे थे कि उन्हें न्याय मिलेगा। यहां ज्यादातर लोगों को न्याय मिला भी। शिविर में यह देखने में आया कि ज्यादातर लोग अपने बेटे और बहू से प्रताड़ित थे। कुछ वृद्ध जन ऐसे भी थे जिन्होंने युवा रहते हुए प्लॉट खरीदे थे लेकिन उन्हें आज तक प्लॉट का कब्जा नहीं मिला। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी एसडीएम को अपने कार्यालय में बैठाया और इन वृद्ध जनों की समस्याएं सुनने और निराकरण के निर्देश दिए थे। बड़ी संख्या में वृद्ध जन इस शिविर में अपनी समस्याएं हल हो जाने से खुश नजर आए । कुछ वृद्ध जनों की आंखों में खुशी के आंसू भी थे। उन्होंने कलेक्टर के इस प्रयास को खूब साधुवाद दिया। कलेक्टर ने खुद वृद्ध जनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। कई वृद्ध जनों को परिजनों से मिलाया और उन्हें अपने साथ रखने के लिए राजी किया। इन वृद्ध जनों के लिए कलेक्टर ऑफिस में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया था जहां बड़ी संख्या में वृद्ध जनों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।



### पिता को साथ रखने के लिए भी शर्त

एसडीएम निधि वर्मा के समक्ष पहुंचे एक वृद्धजन के पुत्र ने कहा कि वह पिता को साथ रखने के लिए तैयार हैं लेकिन पिता जो कमाते हैं वह एक अन्य महिला पर खर्च कर देते हैं। वहीं एसडीएम धनगर के सामने एक ऐसा प्रकरण आया कि जिसमें एक अन्य व्यक्ति ने एक वृद्ध के तुलसी नगर स्थित प्लांट पर कब्जा कर मकान बना लिया था। धनगर ने कल उस अवैध कब्जाधारी को बेदखल करने का आदेश पारित कर आदेश की कॉपी उन्हें सौंप दी। एक वृद्ध महिला ने बताया कि उसके पांच बेटे और दो बेटियां हैं दूसरे नंबर के बेटे ने मकान की रजिस्ट्री अपने पास रखकर उन्हें बेदखल कर दिया। वह दूसरे के घरों में काम कर अपना जीवन यापन करती हैं। शिविर में उस वृद्ध महिला को न्याय दिलाते हुए बेटे को तलब कर उससे रजिस्ट्री लेकर महिला को सौंप दी गई है और उसे मकान का कब्जा भी दिलाया जाएगा। ऐसे कई प्रकरणों का शिविर में निराकरण हुआ।

## एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए मिलेगी कोचिंग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

म.प्र. लोकसेवा आयोग की एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग 1 जून से की जाएगी। अधिकारी आशा चौहान ने बताया कि एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित शीघ्र जमा करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी शासन की इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, नवीन विधि महाविद्यालय के सामने, तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड भंवरकुआं, इंदौर में संचालित होगा।

## न्यायालय में ईद का अवकाश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और मध्यप्रदेश की जिला-न्यायपालिका में (जिला व सत्र न्यायालयों और उनके अधीनस्थ-न्यायालयों में) 'ईद-उल-जुहा' के उपलक्ष्य में 28 मई को अवकाश रहेगा।

## पैठणकर समिति सदस्य

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** म.प्र. लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य शोभा पैठणकर को समान नागरिक संहिता यूसीसी के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति का सदस्य नामित किया गया। वे पूर्व में शिक्षा के क्षेत्र से भी जुड़ी रही। कई लोगों ने बधाई दी।



## 617 नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह शपथ और सम्मान आयोजन भी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सुबह 15वीं बटालियन में नव आक्षरकों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 617 नव आरक्षक शामिल हुए, जिसमें आरएपीटीसी के 482 और 15वीं बटालियन के 135 नव आरक्षक ने इस दीक्षांत में शामिल होकर शपथ भी ली। अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी उनके विजेताओं को कार्यक्रम के अतिथि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सम्मानित भी किया।

## रेस्टारेंट भी पहुंची प्रशासनिक टीम 17 नमूने लिए जांच के लिए



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रशासन के खाद्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन के लिए अभियान जारी है, कल अधिकारियों के दल द्वारा रेस्टारेंटों सहित अन्य खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया 17 नमूने लिए गए जो जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जमिनी मॉल सी-21 माल के सामने हेडली पिज्जा रेस्टारेंट का निरीक्षण किया कई अनियमितता पाए जाने की बात अधिकारियों ने बताई, यहां काकरोज़ चलते दिखाई दिए, तेल अत्यधिक जला होकर काला व गाढ़ा होना पाया गया सहित कई कमियां पाई गई, यहां से 4 सेम्पल भी लिए गए। लाइसेंस लिम्बन की कार्रवाई की जाएगी ऐसा अधिकारी ने बताया। वहीं जीआर मार्ट स्कीम नं. 78 में निरीक्षण कर विदेशी फूड के कुल 7 नमूने लिए गए। वहीं मिस्टर बीन स्कीम नं. 78 में भी 5 नमूने लिए गए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के बाद ओल्ड कलकत्ता रोड का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। यहां भी मच्युरियन राइस का सेम्पल लिया गया।



## बुजुर्ग के साथ कलेक्टर की सेल्फी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल बुजुर्गों के लिए हुए आयोजित विशेष शिविर में बुजुर्गों की समस्याएँ कलेक्टर और अधिकारियों ने सुनी थी। एक बुजुर्ग ने कलेक्टर से कहा कि उनके साथ सेल्फी ली जाए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सरल अंदाज दिखाते हुए बुजुर्ग के साथ सेल्फी ली, जो बाद में वायरल भी हुई।

## रोजगार मेले में 300 का होगा चयन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय में 1 जून को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। महत्वपूर्ण बात यह होगी कि प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा 300 युवाओं को रोजगार अवसर के अन्तर्गत चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में युवाओं को करियर निर्माण के अवसरों के साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी, सूर्यवंशी मशीन टूल्स, यूनिफाई एचआर सोल्युशन, ओशियन मोटर्स एवं मोजेक प्रा.लि. कंपनियों द्वारा 300 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन किया जाएगा। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के साक्षात्कार लिए जाएंगे।



## कापियां और स्टेशनरी से सजा अलीजा दरबार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार पर आज वीर अलीजा हनुमान का दरबार कापियां और पाठ्यक्रम सामग्री से सजाया गया। 21 हजार कापियां, पेन, पेंसिल सहित अन्य सामग्रियों से सजावट की गई। वहीं हनुमानजी ने राम-नाम लिखते हुए भक्तों को दर्शन दिए। छप्पन भोग भी लगाए गए।



### दो दिन बाद मुस्लिम समाज मनाएगा ईदुज्जुहा

## बोहरा समाज मना रहा है आज ईद का पर्व

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मीठी ईद के बाद दूसरा बड़ा त्योहार बकरीद के रूप में आज बोहरा समाज मना रहा है। सुबह की नमाज के बाद एक-दूसरे को मुबारकबाद देने के साथ ही कुर्बानी के दौर चले। वहीं मुस्लिम समाज भी यह बड़ा ईदुज्जुहा पर्व दो दिन बाद 28 मई को मनाएगा। कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदी करीब-करीब हो चुकी है, जिन लोगों ने बकरे नहीं लिए वे भी बकरे खरीद रहे हैं। मुस्लिम समाज भी कुर्बानी का पर्व मनाएगा। पूर्व में शासन ने 27 मई को छुट्टी घोषित की थी, अब यह छुट्टी 28 मई को घोषित कर दी गई है।

## कुक्की इंटरनेशनल डायरेक्टर बने तो हुआ सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के तत्वावधान में दो दिवसीय महाधिवेशन में विदेश के साथ देश से भी कई सदस्य, पदाधिकारी, पूर्व गवर्नर मौजूद रहे। इंटरनेशनल डायरेक्टर के पद का चुनाव भी हुआ, जिसमें इंदौर कुलभूषण मित्तल को सफलता मिली। इस डायरेक्टर के लिए कुक्की को 97.3 प्रतिशत मत प्राप्त हुए और भारी अन्तर से जीत हासिल कर कुक्की लायंस इंटरनेशनल के डायरेक्टर पद के लिए एंडोर्समेंट हो गए। कुक्की का कार्यकाल अगले वर्ष से शुरू होकर 2029 तक रहेगा। इस जीत के बाद कुक्की का मौजूद लायंस ने सम्मान किया। इस दौरान वैश्य समाजजन, अग्रवाल समाजजन भी बधाई देने पहुंच गए थे।



## अण्णा महाराज संस्थान में जल संरक्षण की शपथ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पलसीकर कॉलोनी स्थित श्री दत्त माऊली सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान में आज सुबह से गंगा दशहरा पर्व मनाते हुए जल स्त्रोतों का पूजन, अण्णा महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। बोरिंग पूजन के साथ जल संरक्षण की शपथ ली गई।

## योग पर दिए उद्बोधन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। स्वर्णकार सेवा न्यास और स्वर्णकार सोशल ग्रुप ने कृष्णकुमार सोनी की स्मृति में साधना-संकल्प मंच के अन्तर्गत योग वक्ताओं के विचार आयोजित किए गए।

## सकोरों के साथ रांझन का भी वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आयुष शर्मा की स्मृति में आयुष लोक कल्याण संस्था द्वारा रांझन एवं सकोरे का वितरण अलग-अलग स्थानों पर किया। नेहा शर्मा, प्रहलाद शर्मा, भूमिका खरोटे, नेहा शर्मा, सन्नी बांठिया, सीमा शर्मा, रामअवतार शर्मा, कोमल बिष्ट, नेहा जोशी, सीमा शर्मा, ज्योति शर्मा, देवकी बिष्ट, दीक्षा चांडक, श्वेता शर्मा, शिवानी बिष्ट, पलक जामोद, आभा गवली का सहयोग रहा।



## सिंधी समाजजन संत की दोपहर में निकलने वाली बैकुंठ यात्रा में रहेंगे मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री गोविंद धाम दरबार सिंधी कॉलोनी के गादीनशीन स्वामी दयालदास उदासी के देवलोक गमन हो गया। जैसे ही संत के निधन की जानकारी आई सिंधी समाजजनों में शोक की लहर छाई। नरेश फुंदवानी ने बताया कि आज दोपहर 3 बजे गोविंदधाम दरबार सिंधी कालोनी से बैकुंठ यात्रा निकाली जाएगी यह अंतिम यात्रा साईं प्रीतमदास गोविंदराम अकेडमी, खंडवा रोड (आसाराम बापू आश्रम के पीछे) पहुंचेगी, जहाँ शाम 5:30 बजे समाधि स्थल पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन मौजूद रहेंगे। उसके पहले आज सुबह से पार्थिव देह के दर्शन भी सिंधी समाजजन कर रहे हैं। समाज की पंचायत, संगठन, सिंधी साधु समाज और गोविंदधाम दरबार से जुड़े पदाधिकारी, समाजजनों ने निधन पर शोक जताया।



## सोनी की स्मृति में होगी भागवत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पुरुषोत्तम मास माह में लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में भागवत के आयोजन हो रहे हैं, कहीं पर आयोजन आगामी दिनों में शुरू भी होंगे। इसी कड़ी में श्यामलाल सोनी की स्मृति में 28 मई से 3 जून 2026 तक उषानगर स्थित प. लक्ष्यराम सत्संग भवन पर श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मोहित सोनी ने बताया कि राम स्नेही संत स्वामी रामप्रसाद महाराज कथा का रसपान कराएंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। कथा रोजाना सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक रहेगी। पहले दिन भागवत की शोभायात्रा रणजीत हनुमान मंदिर से सत्संग भवन तक निकाली जाएगी।

## माहेश्वरी समाज निकालेगा शिव बारात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी समाज अगले माह महेश नवमी उत्सव मनाएगा। नौ क्षेत्रीय संस्थाओं के अलावा मुख्य माहेश्वरी समाज और कपल ग्रुप से लेकर अन्य महेश्वरी संगठन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसी कड़ी में श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज और महिला संगठन, युवा संगठन, सखी संगठन मिलकर 21 जून रविवार की सुबह 8 बजे नाश्ता के बाद 8.30 बजे से शिव बारात शिव मंदिर गुमाश्ता नगर निकालेंगे जो गुमाश्ता नगर, स्कीम नं. 71 में भ्रमण कर वापस शिव मंदिर पहुंचेगी और शिव मंदिर में शिव-पार्वती विवाह समाजजनों की मौजूदगी में होगा और उसके बाद सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक स्वास्थ्य शिविर लोटल गार्डन स्कीम नं. 71 में आयोजित होगा। इसी जगह पर भोजन का आयोजन भी रखा गया है, वहीं शाम 6 बजे से महेश्वरी आइडियल गायन, संगीत प्रतियोगिता भी की जाएगी। क्षेत्रीय संगठन द्वारा यह आयोजन माहेश्वरी समाजजनों के लिए आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी नीलेश भूतड़ा पप्पू ने दी।



## जैन ग्रुप के नेत्र शिविर में 220 की जांच

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन इन्दौर एवं जिला सेवा भारती व चोइथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में हंसदास मठ पर लगाए नेत्र शिविर में 220 लोगों की जांच की गई। 23 को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनीत किया गया। 105 लोगों को रियायती दरों पर चश्में दिए गए। महेश डाकोलिया, राजेन्द्र भटेवरा, किरण संचेती, भंवरलाल कासवा, अरविन्द चौधरी, डॉ. जितेन्द्र पारख, सुभाष गोखरू, पारस कटारिया, चंद्रकुमार फतेहपुरिया, प्रदीप मोर्य, पवन शर्मा, रेखा त्रिपाठी, रजनी पाण्डेय, रशमी तिवारी, जगराती दुबे, डॉ. आर.एन.मिश्रा मौजूद थे।

## गंगा मैया का दुग्धाभिषेक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गंगा दशमी पर पश्चिम क्षेत्र पंचकुइया रोड स्थित गंगा बगीची में गंगा माता का दुग्धाभिषेक कर हवन भी किया गया, आरती भी हुई, शाम को भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। भोजन प्रसाद भी आयोजित किया गया।

## विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गंगा दशहरा महोत्सव पर जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर महू की समस्त ग्राम पंचायतों में विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनभागीदारी के माध्यम से जल संवर्धन के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में गंगा जल यात्रा, गंगा पूजन, नदी-नालों, कुओं एवं बावड़ियों की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों के संरक्षण, श्रमदान तथा जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। ग्रामवासियों, महिलाओं, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। विकासखंड स्तरीय मुख्य कार्यक्रम ग्राम पंचायत जाम खुर्द में आयोजित किया गया।

# मज़दूरों को भोजन वितरित किया



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पार्श्वनाथ सखी सहेली ग्रुप से जुडी महिलाओं ने मजदूर चौक कालानी नगर पहुंचकर मजदूरों को भोजन वितरण का आयोजन सेवा कार्य के रूप में किया। किरण लोढ़ा, सुनीता सगरावत, संगीता मोगरा, सारिका गांधी, अंगूरबाला कटारिया, विमला आंचलिया, नीता छाजेड़, अर्चना धींग, संगीता करनावट, अल्पना मोगरा, साधना रांका, मंजू पामेचा, प्रतिमा जैन, समिष्ठा जैन, ज्योति जैन, समता जैन, पिंकी संघवी, नीमा जैन, निधी जैन, आभा पारख, लीना जैन मौजूद थी।

# बूंद-बूंद बचाने और नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा पंचकुइया राम मंदिर पर गंगा पूजन के आयोजन में कई संत और श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने कल गंगा दशहरा पर एक-एक पानी की बूंद को बचाने और नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ ली। हरि अग्रवाल, महामंडलेश्वर पवनदास महाराज, राजानंद महाराज, डॉ. स्वामी चेतनस्वरुप,गोकुल पसारी, अशोक बंग, किरण ओझा, राजकुमारी मिश्रा, सीमा सेन, पुष्पा यादव, मंजू सोनी, चंदा तिवारी, साक्षी सेन,राजेश कायत, राजू पोरवाल, दिलीप साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के चुनाव में अग्रवाल और गोयल बने पदाधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के निर्विरोध निर्वाचन में मनोज अग्रवाल अध्यक्ष, विष्णु गोयल महामंत्री, पिंकेश मोदी संयोजक, मनीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष, प्रतीक गोयल उपाध्यक्ष, मुक्ति अग्रवाल महिला उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र गर्ग सहमंत्री, अभिषेक संथालिया प्रचार मंत्री चुने गए। कार्यकारिणी में मनोज गुप्ता, दिनेश गर्ग, अजय अग्रवाल, दिनेश गर्ग विज्ञान नगर, अनिल अरवल, सुमित अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, दीपिका पोद्दार, नीतू अग्रवाल मनोनीत किए गए। संरक्षक किशोर गोयल, मार्गदर्शक महेश गोयल एवं राजेन्द्र गर्ग सलाहकार मंडल में ओमप्रकाश अग्रवाल, शांतिलाल अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, शिव जिंदल, मुकेश ब्रजवासी, सजन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, विनोद गोयल एवं अनिता ऐरन चुने गए। विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया, डॉ. कुलभूषण मित्तल, गणेश गोयल, राम ऐरन, अरविन्द बागडी सहित अन्य ने बधाई दी।



## स्वर्णकार समाजजनों का शिविर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री स्वर्णकार न्यास द्वारा प्राणायाम शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो 31 मई तक रोजाना सुबह 6 से 7 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। चन्द्रशेखर आजाद प्राणायाम करवा रहे हैं।

## मई में अब तक 35.50 करोड़ यूनिट बिजली वितरित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर में बिजली की मांग में सर्वोच्च स्थिति है। मई में अधिकांश दिनों बिजली मांग सात सौ मैगावाट से ज्यादा दर्ज हुई। पच्चीस दिन में करीब 35.50 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई है। यह गत वर्ष मई की तुलना में पच्चीस से तीस प्रतिशत ज्यादा है। मई में सबसे ज्यादा बिजली वितरण 18 तारीख को एक करोड़ 57 लाख 44 हजार यूनिट हुआ है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्मिक भीषण गर्मी में भी आपूर्ति का स्तर सामान्य बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

# स्काउट बच्चों की सेवा से खुश हुए कलेक्टर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तुकोजीराव होलकर स्काउट गाइड ग्रुप द्वारा कल कलेक्टर कार्यालय पर सीनियर सिटीजन हेतु विशेष जनसुनवाई निराकरण एवं सम्मान समारोह कलेक्टर शिवम वर्मा के साथ स्काउट गाइड ने किया, बुजुर्गों को जल पिलाया और व्हीलचेयर पर बैठे लोगों को सम्मान समारोह कक्ष तक पहुंचाने का कार्य किया। इस सेवा कार्य से कलेक्टर शिवम वर्मा भी खुश हुए और उन्होंने बच्चों के साथ चित्र भी खिंचवाया।



## एक साथ 9 स्थानों पर आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। म.प्र. जनअभियान परिषद् विकासखंड जिला इंदौर के सेक्टर बुरानाखेड़ी नवांकुर संस्था श्री निखिलेश्वर सेवा समिति द्वारा सभी 9 प्रस्फुटन समितियों के सह समन्वय के साथ कार्यक्रम, पूजन, कलशयात्रा, जल अर्पण



आयोजन किए गए। कई वार्ड में यह जनअभियान चलाया गया। जल स्त्रोत, तालाब, बावडी, कुआं, बोरिंग का पूजन किया गया। कलशयात्रा शिव मंदिर पहुंची जल अर्पण किया गया।



## सदाबहार गीतों का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रेस क्लब इंदौर में विवाह स्पेशल सदाबहार गीतों का आयोजन किया गया। अतिथि दिलीप राजपाल का स्वागत चंदा कुंडलवाल, कामना जैन, नारायण ने किया। गायकों ने एक के बाद प्रस्तुतियां दी।

# अधिक कॉर्निया संग्रहण के लिए झंवर का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



नेत्रदान के क्षेत्र में सेवा कार्य करने वाली लायन उमा झंवर, एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक, इंदौर को 'स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें नेत्रदान एवं कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया गया। संस्था द्वारा अब तक 15,470 से अधिक कॉर्निया (नेत्र) संग्रहण का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

# वेतन नहीं मिलने पर दिया ज्ञापन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अ.भा. अनुसूचित जाति युवजन समाज एवम् संयुक्त कर्मचारी कामगार मोर्चा के बैनर तले धार जिले नगर परिषद मांडव नगर के सफ़ाई कर्मचारी कामगारों को विगत 6 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। इस मांग को लेकर संयुक्त संचालक एस.के. सिन्हा को ज्ञापन दिया गया। उक्त जानकारी महेश गौहर ने दी।



# गौशाला में कराया तरबूज भंडारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

त्रिनेत्रम सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पुरुषोत्तम मास में गौमाताओं के लिए तरबूज भंडारे का आयोजन गौसेवा गौशाला में किया गया।

# बारिश बाद शासकीय विद्यालय भवन की मिलेगी सौगात

## एक करोड़ से अधिक खर्च कर आधुनिक सुविधाएं भी

इंदौर। विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में स्थित न्यू रामनगर और नंदबाग कॉलोनी क्षेत्र के आसपास रहने वाले रहवासी परिवार की सुविधा के लिए घर के नजदीक आधुनिक सुविधा वाले नवीन शासकीय माध्यमिक विद्यालय भवन के नवनिर्माण को लेकर निविदा जारी की है। जिसके अंतर्गत निगम क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए नवीन विद्यालय भवन के नवनिर्माण पर लगभग एक करोड़ 11 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करेगा।

दरसअल इस काम के लिए निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर टेंडर संबंधित निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिसके तहत अगले माह की शुरुआत में टेंडर संबंधित तमाम प्रोसेस और प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसी साल न्यू राम नगर और नंदबाग रहवासी क्षेत्र में जल्द नए शासकीय विद्यालय भवन निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिससे भविष्य में क्षेत्र के बच्चों को कम खर्चे में घर के नजदीक आधुनिक सुविधाओं के साथ सरकारी नवीन स्कूल भवन की सौगात मिलेंगी। जिसको लेकर निगम द्वारा अपनी ओर से



तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

खास बात यह है कि विधानसभा एक में क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व उनके पुत्र पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय द्वारा लगातार अपनी विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के साथ बेहतर और आधुनिक व्यवस्था करने के अंतर्गत निगम से न्यू रामनगर और नंद बाग क्षेत्र में नवीन आधुनिक शासकीय स्कूल इमारत के निर्माण को लेकर मंजूरी के साथ भवन निर्माण की तैयारी भी शुरू कर दी है। इसके अंतर्गत पहले चरण में शासकीय माध्यमिक विद्यालय भवन का नव निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उसके बाद बिल्डिंग तैयार होने के बाद यहां अगले साल आधुनिक शिक्षा और निजी स्कूलों की तर्ज पर कम खर्चे में बेहतर शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लासरूम के साथ नवीन फर्नीचर की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि क्षेत्र के मध्यम वर्ग के जरूरतमंद बच्चों को घर के नजदीक निजी स्कूल की तर्ज पर बेहतर शिक्षा मिल सके। इसको लेकर पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय अपनी टीम के साथ लगातार नवाचार के साथ इस तरह के प्रयास कर रहे है।

## विधायक ने कहा किसानों को मिले 10 घंटे लगातार बिजली

### तकनीकी समस्याओं से हो निराकरण

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कसरावद विधायक सचिन यादव ने कहा कि जिले में किसानों एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को इन दिनों लगातार बिजली नहीं मिल रही है। विद्युत आपूर्ति लगातार नियमित नहीं मिल पा रही है, इससे किसान परेशान है। कम से कम 10 घंटे बिजली लगातार उपलब्ध हो और उसमें भी वाल्टेज पूरा मिले। बार-बार बिजली बंद हो रही है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। अगर लगातार बिजली आपूर्ति होगी और ट्रीपिंग और वाल्टेज समस्या नहीं होगी तो किसान परेशान नहीं होंगे। वाल्टेज कम ज्यादा से किसानों के पंप, मोटर एवं घरेलू विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं, जिससे किसानों एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व मंत्री और विधायक सचिन यादव ने पत्र भी लिखा।

# बालाजी मंदिर पुल से महादेव घाट होते हुए बाल भवन वाली रिटर्निंग वॉल निर्माण की बारी

**इंदौर।** विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 63 से जुड़े बालाजी मंदिर पुल से महादेव घाट होते हुए बाल भवन की ओर जाने वाली रिटर्निंग वॉल का निगम नवनिर्माण शुरू करेगा। जिसको लेकर निगम द्वारा अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इस काम पर निगम द्वारा 72 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। यही नहीं निगम की तैयारी है की बारिश शुरू होने से पहले काम हाथ में लेने वाला ठेकेदार निविदा संबधित प्रोसेस और प्रक्रिया के बाद जल्द काम शुरू कर दे। जिससे आने वाले दिनों में मानसून सीजन में महादेव घाट और आसपास की बस्ती क्षेत्र पारसी मोहल्ला एवं अन्य कॉलोनियों के रहवासियों को बारिश के सीजन में कान्हा नदी क्षेत्र के आसपास सुरक्षा दीवार के निर्माण से भविष्य में इसका सीधा फायदा मिलेगा। साथी अत्यधिक वर्षा काल के दौरान आसपास रहने वाले रहवासी परिवारों के साथ मंदिर और घाट के आसपास रहने वालों को इससे दीर्घ काल तक राहत मिलेंगी।





खास बात यह है कि छावनी नवलखा क्षेत्र में बालाजी मंदिर पुलिया से महादेव घाट होते हुए बाल भवन की ओर जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु निगम द्वारा 72 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर खान नदी के आसपास बड़े हिस्से में मजबूत रिटर्निंग वॉल बनाई जाएगी। जिससे आने वाले दिनों में शुरू होने वाले मानसून सीजन में घाट और आसपास की रिटर्निंग वॉल बनने से मजबूत सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। क्षेत्रिय पार्षद मृदुल अग्रवाल के प्रयासों से निगम द्वारा लंबे समय के बाद रिटर्निंग वॉल निर्माण संबंधित फाइल को मंजूरी दी गई है। साथ ही अब इसके जल्द निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भविष्य में भी इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इससे आसपास की बस्तियां पारसी मोहल्ला, रामेश्वर घाट, बालाजी मंदिर के आसपास का रहवासी एरिया बारिश में पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा। साथ ही वॉल बनने से नदी में बारिश का पानी भी व्यवस्थित तरीके से एकत्रित हो सकेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से पूरी प्लानिंग के साथ तैयारी कर ली है।

# बादाम से लेकर तोतापरी आम तक हुए सस्ते

**इंदौर।** शहर की थोक चोइथराम मंडी में इन दिनों फलों के राजा आम की जोरदार आवक से आम की कीमत भी घटी है। इसका असर बाजारों में दिखने लगा है। बाजार में बादाम आम 100 रु. के डेढ़ किलो से लेकर 2 किलो तक अलग-अलग क्वालिटी अनुसार मिल रहे हैं। जबकि तोता परी और लाल पट्टा 60 से 70 रुपए किलो के भाव बताया जा रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र रत्नागिरी का प्रसिद्ध हापुस और गुजरात का केसर आम भी अब पहले से सस्ता हो गया है। व्यापारी नितिन भीलवारे और विशाल प्रजापति ने बताया दोनों में अगले माह यूपी के दशहरी और लंगड़ा आम की आवक भी शुरू हो जाएगी। इसके अलावा अभी



केसर 100 से 120 रु. किलो, हापुस आम डेढ़ सौ से 250 रु. किलो के भाव मिल रहे हैं। जबकि सबसे ज्यादा पसंदीदा हर आम आदमी की पहुंच वाली बादाम आम इन दोनों 70 से 80 रुपए किलो में आराम से मिल रहा है। जिससे अब खास के साथ आम आदमी की पहुंच में भी फलों का राजा आम हो गया है। इधर लोगों का कहना है कि सुबह से दोपहर तक आम बेचने वालों के भाव में और शाम के बाद रात तक बचे हुए माल के भाव में भी अन्तर हो जाता है। घर जाते समय दुकानदार भाव और कम कर देते हैं क्योंकि माल उसमें से छट भी जाता है और भाव के भाव माल व्यापारी आम का बेचने लगता है। इन दिनों ठेलों पर या ई-रिक्शा पर आम बेचने वाले म्यूजिक सिस्टम लगाकर आम के दाम में कमी बोलते हुए कम कीमत भी बताते हैं और लोग आकर्षित होकर कम दाम के आम को छांटकर लेने की जुगत भी करते हैं। सुबह और दोपहर में आम पसंद का मिलता है, जिसका दाम 10 रु. किलो ऊपर जरूर लगता है।

# नेटबॉल अंपायर कार्यशाला



**खरगोन( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बोरावां में दो दिवसीय नेटबॉल अंपायर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश में नेटबॉल खेल को अधिक सशक्त एवं व्यवस्थित बनाते हुए प्रशिक्षित अंपायर तैयार करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय एवं मध्यप्रदेश नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण दातिर द्वारा किया गया। ख़ेल और प्रतियोगिता के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। प्रमाण पत्र और स्पोर्ट्स किट्स वितरित किए गए। रीना बघेल, सुमित खीची, आकाश चौहान, स्वप्निल वराडे ने अपनी भूमिका निभाई।

## संपादकीय

# ऊर्जा संकट पर काबू पाना ही होगा, महंगाई से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे

सरकार ने संघर्ष शुरू होने के बाद तकरीबन ढाई महीने तक तेल के दामों को स्थिर रखने का प्रयास किया, लेकिन तेल कंपनियों पर बढ़ते आर्थिक दबाव की वजह से अब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है। पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं, जिस कारण ऊर्जा संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है। इसी का नतीजा है कि सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर से इजाफा कर दिया गया। पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में यह चौथी बार की गई वृद्धि है। खबरों के मुताबिक, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ उसके खुदरा दाम बढ़ा रही हैं। मगर सवाल सिर्फ कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी का नहीं है, बल्कि इस बात का भी है कि सरकार इस संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों पर कितनी तेजी और गंभीरता से काम कर रही है। बार-बार ईंधन की कीमतें बढ़ने से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में माल ढुलाई की लागत भी बढ़ेगी, जिससे जरूरी वस्तुएं महंगी होंगी। ऐसे में पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे आम लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। दरअसल, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में पचास फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने से तेल आपूर्ति का बाधित होना है। सरकार ने संघर्ष शुरू होने के बाद तकरीबन ढाई महीने तक तेल के दामों को स्थिर रखने का प्रयास किया, लेकिन तेल कंपनियों पर बढ़ते आर्थिक दबाव की वजह से अब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है। हालांकि सरकार यह दावा करती रही है कि वैश्विक संकट के बीच ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन बीते करीब दो सप्ताह से पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दाम में जिस तरह से लगातार बढ़ोतरी हुई है, उससे सरकार के प्रयास सफल होते नजर नहीं आ रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर समाज के उस वर्ग पर पड़ेगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर है और अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए दिन भर संघर्ष करता है। इससे पहले कि स्थिति और ज्यादा बिगड़े, सरकार को ऊर्जा संकट पर काबू पाने के वैकल्पिक रास्ते तैयार करने होंगे और महंगाई से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

# तू घर में विवाद क्यों करता है...टोकने पर पड़ोसी ने युवक को मारा चाकू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

चंदन नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में दखलअंदाजी का विरोध करने पर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवक को रास्ते में रोककर उसके घरेलू मामलों पर टिप्पणी की और जब युवक ने उसे अपने व्यक्तिगत मामलों से दूर रहने को कहा, तो आरोपी ने तैश में आकर कमर से चाकू निकाला और उस पर वार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, वारदात कल रात करीब 8 बजे अंबार नगर में मुल्लाजी की मस्जिद के पास हुई। अंबार नगर निवासी फरियादी अरुण पिता राजेश वीरपरा जब वहां से गुजर रहा था, तभी उसे आरोपी मोहम्मद शाहरुख निवासी ग्राम बांक मिला। शाहरुख ने अरुण को रोक लिया और दादागिरी दिखाते हुए कहने लगा कि तू अपने घर में इतना विवाद क्यों करता है। फरियादी अरुण ने जब आरोपी की इस दखलअंदाजी का विरोध किया और सीधे शब्दों में कहा कि यह उसके घर का आपसी मामला है, इसलिए वह उसके घरेलू विवाद में दखल न दे। इतनी सी बात सुनते ही आरोपी मोहम्मद शाहरुख आगबबूला हो गया और उसने आव देखा न ताव, अरुण को गालियां देना शुरू कर दिया। जब अरुण ने गाली देने से मना किया तो शाहरुख ने अपनी कमर से चाकू निकाला और अरुण की कमर पर वार कर दिया।

# कंपनी के बाहर कर्मचारी पर चाकू से हमला

**इन्दौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में देर रात एक कंपनी के बाहर विवाद के बाद तीन बदमाशों ने एक कर्मचारी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले कर्मचारी के साथ सरेराह गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, वारदात नेमावर रोड पर स्थित आदर्श सेलटैक्स कंपनी के बाहर की है। फरियादी अजय पिता रमेश बछानिया उक्त कंपनी में कर्मचारी है और कल रात वह अपनी ड्यूटी पर था। रात करीब 12 बजे कंपनी के बाहर किसी बात को लेकर उसका सामना इलाके के तीन बदमाशों से हो गया। फरियादी अजय ने पुलिस को बताया कि रात 12 बजे आरोपी अनुराग, शिवा और विजय सभी निवासी तेजाजी चौक, पालदा ने उसे रास्ते में रोका और बिना किसी कारण के अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब अजय ने इसका विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने उसे घेरकर लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। विवाद के दौरान ही एक आरोपी ने अपने पास रखा चाकू निकाला और अजय पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी उसे जान से खत्म करने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पवन पिता राजू निवासी गौरीनगर, हीरानगर के रूप में हुई है। पवन ने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिवार के लोगों ने जब पवन को फंदे पर लटके देखा तो हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# लंबे समय से बाधक बिजली के पोल और डीपी अभी नहीं हटे

## भीषण गर्मी में छांव देने वाले आधा दर्जन पेड़ों को हटाने में तत्परता

**इंदौर।** मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक तैयार हो रही 70 फीट चौड़ी मास्टर प्लान की सर्विस रोड निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में लंबे समय से बाधक बिजली के पोल और डीपी भले ही अभी तक नहीं हटे है। लेकिन दूसरी तरफ इस भीषण गर्मी में यहां से गुजरने वाले और आसपास के लोगों को छांव देने वाले करीब आधा दर्जन सालों पुराने पेड़ हटाने में निगम ने तूफानी तेजी दिखाते हुए भारी तत्परता दिखाई। जिसके तहत कुछ ही दिनों में सड़क चौड़ीकरण और निर्माण में बाधक आधा दर्जन पेड़ कटवाना शुरू कर दिए है।

जबकि दूसरी तरफ इसी सर्विस रोड निर्माण में लंबे समय से बाधक बिजली के दर्जनभर पोल डीपी इतने समय बाद भी निगम और निर्माण करने वाली ठेकेदार कंपनी से नहीं हटे। जबकि बेजुबान पेड़ों को हटाने में ठेकेदार ने दिलचस्पी दिखाते हुए तत्परता दिखाई जिसको लेकर अब सवाल उठने लगे है।





**सर्विस रोड चौड़ीकरण में बाधक दर्जनभर से ज्यादा दुकानें हटने लगी, अब मटन मार्केट की बारी-** वहीं बड़ी बात यह है कि सर्विस रोड चौड़ीकरण कार्य में एक तरफ मयूर नगर साइट की दर्जन भर से ज्यादा बाधक दुकान और कुछ मकान के हिस्से हटाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। यही नहीं बाधक निर्माण हटाने के बाद इस हिस्से में सड़क बनना भी शुरू हो गई। वही अब दूसरी तरफ करीब 25 से ज्यादा दुकान वाले मटन मार्केट हटाने को लेकर भी निगम ने अपनी ओर से तैयारियां तेज कर दी है। कहा जा रहा है कि अगले माह में बेहद जल्द कुछ और बचें बाधक निर्माण के साथ मटन मार्केट की 25 से ज्यादा बाधक दुकानें भी जल्द निगम द्वारा हटाई जाएगी। बताते हैं कि इसके लिए इन दुकानदारों को निगम ने पहले ही नोटिस देने संबंधित कार्रवाई कर दी गई है।

इधर बताया जा रहा है कि अभी मास्टर प्लान में शामिल रिंग रोड चौराहे से सांवरिया धाम तक 70 फीट चौड़ी बन रही सर्विस रोड़ निर्माण और चौड़ीकरण में सबसे ज्यादा बाधक बन रहे हैं तीन से चार छोटे बड़े मंदिर की शिफ्टिंग भी होना बाकी है जिसके लिए जनप्रतिनिधि और निगम अधिकारी मिलकर मंदिर समिति से जुड़े लोगों के साथ चर्चा कर जल्द इनके व्यवस्थित रूप से शिफ्टिंग प्रक्रिया के बाद निर्माण कार्य में तेजी दिखेगी।

# जल निकासी लाइन बिछाने के साथ सीमेंट कांक्रीट कार्य भी निगम करेगा

**इंदौर।** जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत विधानसभा पांच के वार्ड 43 में स्थित कालिंदी पार्क कॉलोनी में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क पर अब निगम आने वाले दिनों में नई जल निकासी लाइन बिछाने के साथ सीमेंट कांक्रीट सड़क का नवनिर्माण भी हाथों-हाथ शुरू करेगा। इस काम के लिए निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर लगातार प्रयास के बाद अब जाकर टेंडर संबंधित तमाम प्रोसेस एवं प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिसके तहत कहा जा रहा है कि अब आने वाले दिनों में मानसून सीजन शुरू होने से पहले निगम द्वारा लगभग 38 लाख रुपए के आसपास खर्च कर जल निकासी लाइन डालने के साथ सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य भी किया जाएगा।

बारिश में नहीं होगी आने जाने वालों को परेशानी- यही नहीं निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों और विधानसभा पांच के विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद मुद्रा शास्त्री की मांग पर लंबे समय के बाद यहां की फाइल मंजूरी के बाद अब जाकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर आने वाले दिनों में जल्द क्षेत्र की पॉश कॉलोनी कालिंदी पार्क और आसपास नई जल निकासी लाइन डालने और बिछाने के साथ क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय नई सड़क निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। जिससे लोगों को मानसून सीजन में आने-जाने में बेहतर सुविधा होगी।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 151700 | 158064 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 257500 | 272007 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू



## 158 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**इंदौर।** इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा काश्वी ताइक्वांडो क्लब पर कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में एसोसिएशन के 158 खिलाड़ियों ने भाग लेकर सफलता अर्जित की। प्रमोशन टेस्ट के निर्णायक आशीष भाटी,विजय इंदेला रहे। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया व एसोसिएशन के सभी प्रशिक्षको ने बधाई दी।

## जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा अगले माह

**इंदौर।** लकी वाण्डरर्स स्पोर्ट्स केयर परिवार द्वारा 5 से 9 जून तक खेल खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतू सीनियर वर्ग की जिला स्तरीय बालिका व बालक कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष दीपक रावल, सचिव मुकेश पंचोलिया ने बताया कि उक्त स्पर्धा में जिले की समस्त टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है । दूधिया रौशनी मे मेट पर ये आयोजित की जाएगी। विजेता उपविजेता टीमों को नगद एवं आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे एवं प्रत्येक मैच के एवं स्पर्धा के श्रेष्ठ कैचर, रेडर एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे । लकी वाण्डरर्स स्पोर्ट्स केयर संचालक राजेंद्र सातालकर ने बताया कि दर्शको के बैठने हेतू गैलरी भी लगाई जाएगी। सभी मैच शाम 4 से 11 बजे तक खेले जाएंगे । स्पर्धा मध्यप्रदेश संघ के नियमों के तहत आयोजित होगी, जो नियम है उनका अक्षरसः पालन करना होगा। स्पर्धा का भूमिपुजन 27 मई को 6 बजे उद्योगपति योगेश मेहता के आतिथ्य में होगा। जो भी टीमें इस स्पर्धा में भाग लेना चाहती है।

## मध्य प्रदेश लीग के नए सीजन से पहले लॉन्च हुई सभी टीमों की जर्सी



**इंदौर।** सोमवार को भोपाल के एक होटल में आयोजित समारोह में आगामी मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में हिस्सा लेने वाली सभी 10 पुरुष फ्रेंचाइजी और पांच महिला टीमों की जर्सियों का आधिकारिक अनावरण किया गया। हर टीम ने अपनी क्षेत्रीय पहचान, संस्कृति और जज़्बे को दर्शाने वाली आकर्षक और अलग डिजाइन की जर्सियां पेश कीं।

इस अवसर पर एमपीसीए अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने कहा कि, जर्सी लॉन्च के साथ मध्य प्रदेश लीग के एक और रोमांचक अध्याय की शुरुआत हो रही है। एमपीएल अब केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं रह गया है, बल्कि यह मध्य प्रदेश में उभरती प्रतिभाओं और क्रिकेट के प्रति लोगों के जुनून का उत्सव बन चुका है। इस साल की जर्सियां टीमों की क्षेत्रीय पहचान, संस्कृति और गौरव को खूबसूरती से दर्शाती हैं, जिससे खिलाड़ियों, प्रशंसकों और उनके शहरों के बीच जुड़ाव और मजबूत होगा। हमें गर्व है कि एमपीएल राज्य में क्रिकेट के विकास में लगातार योगदान दे रहा है और नई पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रेरित कर रहा है।

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए एमपीएल के सीइओ रवि पाटनकर ने कहा कि, हर नए सीजन के साथ मध्य प्रदेश लीग घरेलू टी20 क्रिकेट के स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है। जर्सियों का अनावरण भाग लेने वाली हर फ्रेंचाइजी की पहचान, ऊर्जा और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। एमपीएल न केवल युवाओं के लिए रोमांचक क्रिकेट के अवसर तैयार कर रहा है, बल्कि खेल के माध्यम से प्रशंसकों, खिलाड़ियों और समुदायों को जोड़कर मध्य प्रदेश की खेल संस्कृति को भी मजबूत कर रहा है।

टूर्नामेंट की शुरुआत 3 जून से होगी, जिसमें 10 पुरुष और पांच महिला फ्रेंचाइजियां हिस्सा लेंगी।पुरुष वर्ग का पहला मुकाबला ग्वालियर चीताज और उज्जैन फाल्कन्स के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में शाम 7:30 बजे खेला जाएगा, जबकि महिला टूर्नामेंट की शुरुआत 4 जून से होगी, जहां चंबल घड़ियाल्स और ग्वालियर शेरनिस के बीच मुकाबला डेली कॉलेज, इंदौर में खेला जाएगा।

## सिलेक्शन में निरंतरता ही उनकी टीम की सफलता का राजः दहिया

**धर्मशाला।** आईपीएल 2026 का क्वालीफायर 1 आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के बीच धर्मशाला में खेला जाना है। मुकाबला जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। इस मुकाबले से पहले जीटी के असिस्टेंट कोच विजय दहिया ने अपनी टीम का विनिंग सीक्रेट बताया है। गुजरात की टीम हाफ स्टेज तक सातवें नंबर पर थी, लेकिन लीग फेज के समापन के बाद दूसरे पायदान पर है, जिसे फाइनल में जाने के दो मौके मिलने वाले हैं। आरसीबी के खिलाफ बड़े मैच से पहले विजय दहिया ने माना है कि सिलेक्शन में निरंतरता ही उनकी टीम की सफलता का राज है। उन्होंने यह भी कहा है कि तेज गेंदबाज धर्मशाला में कहर बरपाएंगे।

तेज गेंदबाजों को ही देखें तो गुजरात टाइटन्स के पास इस सीजन का बेस्ट अटैक है। जीटी के तेज गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट (79) चटकाए हैं। सबसे अच्छा औसत (22.93), सबसे अच्छा स्ट्राइक रेट (14.9), सबसे अच्छा इकॉनमी रेट (9.18) और यहां तक कि डॉट बॉल परसेंटेज (43.6) भी जीटी का सबसे अच्छा है। चार तेज गेंदबाज गुजरात के इस सीजन सबसे ज्यादा विकेट निकालने वाले टॉप 20 गेंदबाजों में शामिल हैं। आरसीबी की बात करें तो उनके पेसर्स ने भी कमाल किया है, लेकिन उनका इस सीजन तीसरा सबसे बेस्ट पेस अटैक है।

## शेर ए पंजाब की 9 विकेट से आसान जीत



**इंदौर।** चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे है। जिसमें चौको-छक्कों की बरसात के साथ खिलाड़ी अपनी खेल का का उम्दा प्रदर्शन कर रहे है।

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा के सातवें दिन हुए मुकाबलों में शेर ए पंजाब टीम ने निमाड़ इलेवन का आसानी से 9 विकेट से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए निमाड़ इलेवन ने निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट पर 46 रन ही बना सकी। शेर ए पंजाब के गेंदबाजों के सामने निमाड़ इलेवन के बल्लेबाज टिक नहीं सके। सपन ने सर्वाधिक 19 रन बनाए। कप्तान निशांत ने 6 रनों का योगदान दिया। भाईजी सेवक सिंह व गुलदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में शेर ए पंजाब की टीम साहिब सिंह की 40 रनों की उम्दा पारी की बदौलत यह लक्ष्य आसानी से 4 ओवर में 1 विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। साहिब सिंह ने इस पारी में 4 छक्के और 3 चौके लगाए।

मुकालबों के दौरान पहुंचे पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, इंद्रजीत सिंह खनूजा, सुधीर कोल्हे ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों और आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर इस अवसर पर अमरजीत सिंह बग्गा, प्रीतपाल सिंह भाटिया, उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह भाटिया, सुखजिंदर चहल ने किया।

## सम्राट चौधरी को मिला नीतीश कुमार का बंगला

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को दिल्ली में सरकारी बंगला आवंटित किया गया है। केंद्र सरकार ने उन्हें लुटियंस दिल्ली के कामराज लेन स्थित बंगला नंबर-6 आवंटित किया है। इससे पहले यह बंगला पूर्व सीएम नीतीश कुमार को आवंटित था, लेकिन राज्यसभा सांसद बनने के बाद नीतीश कुमार को दिल्ली का 9, सुनहरी बाग रोड बंगला आवंटित किया गया है।

## अक्षय और विक्की ने फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के फ्रीस्टाइल पहलवान अक्षय टी धीरे और विक्की ने सोमवार को वियतनाम के दा नांग में आयोजित अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक धमाकेदार दिन की नींव रखी। अक्षय ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में कजाकिस्तान के येलामन अमांगेलदी को कड़े मुकाबले में 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।विक्की ने 97 किलोग्राम वर्ग में भारतीय खेमे की खुशी को जल्द ही दोगुना कर दिया, उन्होंने उज्बेकिस्तान के शेरजोद पोयोनोव के खिलाफ रोमांचक 7-5 की जीत हासिल करके पोडियम पर शीर्ष स्थान सुरक्षित किया। 53 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में मुस्कान ने वियतनाम की थी माई लिन्ह गुयेन के खिलाफ मुकाबले पर पूर्ण नियंत्रण रखते हुए 6-2 से आसान जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। वहीं, 57 किलोग्राम वर्ग में तप्स्या का प्रदर्शन और भी शानदार रहा और उन्होंने कजाकिस्तान की अल्टीन शागायेवा को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भाग्यश्री एच. फंड ने 62 किलोग्राम वर्ग में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा, उन्होंने अपने खिताबी मुकाबले में किर्गिस्तान की टायनिस डुबेक को 4-0 से हराया।

## संयम ही दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा कर सकता है : पाटीदार

**धर्मशाला।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार का मानना है कि दबाव में बेहतर प्रदर्शन करना और टीम की ताकत के प्रति प्रतिबद्ध रहना ही निर्णायक साबित होगा जब आरसीबी आज रात क्वालीफायर 1 में गुजरात टाइटन्स का सामना करेगी। इस सीजन में लीग चरण के मुकाबलों में दोनों टीमों ने अंक बांटे, जिसमें आरसीबी ने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला पांच विकेट से जीता, जबकि गुजरात टाइटन्स ने दूसरे मुकाबले में चार विकेट से जीत हासिल की। फाइनल में सीधे प्रवेश का मौका दांव पर लगा होने के कारण, पाटीदार का मानना है कि संयम ही दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा कर सकता है।

पाटीदार ने कहा, दोनों टीमों ने पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। इस दिन जो भी टीम अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करेगी, बेहतर क्रिकेट खेलेगी और दबाव में शांत रहेगी, मुझे लगता है कि वही टीम मैच जीतेगी। उन्होंने आगे कहा, यह एक बड़ा मंच है, क्वालीफायर 1। हमें अपने हौसले को बनाए रखना होगा और जो कुछ भी हम कर रहे हैं उसमें आत्मविश्वास रखना होगा। पाटीदार ने आरसीबी के गेंदबाजी समूह को इस सीजन में टीम की प्रमुख ताकत में से एक बताया और उस आक्रामक मानसिकता को दोहराया जिसने उनके अभियान को आकार दिया है। उन्होंने कहा, हमारी ताकत गेंदबाजी है, और पावर प्ले में हमारी गेंदबाजी बेहद अहम होगी। टीम में हर कोई जानता है कि हम यहां बचाव करने नहीं आए हैं, हम आक्रामक मानसिकता के साथ आए हैं और शुरुआती विकेट लेने की कोशिश करेंगे। भुवी, हेज़लवुड और रसिक यही करते आ रहे हैं और हम इसी क्रम को जारी रखने की उम्मीद करते हैं।

पाटीदार ने वेंकटेश अय्यर की विशेष रूप से प्रशंसा की, जिन्होंने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपने पिछले दो मुकाबलों में क्रमशः 73 और 44 रन बनाए हैं, एक बार मध्य क्रम में और एक बार एसआरएच के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में। पूरे सीजन में उनकी लचीलता और रवैये की सराहना करते हुए पाटीदार ने कहा, मैं वेंकी को बचपन से जानता हूं, और जिस तरह से वह खुद को पेश करते हैं वह असाधारण है।

### पानी में छलांग लगाकर हासिल की पदकीय सफलता

# कृष्णा, आस्था, माही, आदित्य एवं भावेश का प्रभावशाली प्रदर्शन



**इंदौर।** इंदौर जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित 54वीं जिला तैराकी प्रतियोगिता 2026 के प्रथम दिवस पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में जिलेभर से लगभग 250 तैराक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सुबह एवं शाम दो सत्रों में किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में सीनियर, ग्रुप ए, बी, सी, डी एवं ई वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के बीच फ्री स्टाइल, बटरफ्लाई, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक तथा इंडिविजुअल मेडले स्पर्धाएं आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने कई मुकाबलों में रोमांचक प्रतिस्पर्धा प्रस्तुत की।

सीनियर वर्ग में कृष्णा श्रीवास, आस्था गोसाई, माही पालीवाल, आदित्य तिवारी एवं भावेश चौधरी ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं जूनियर वर्ग में शिशुकुंज स्विमिंग अकादमी, स्विमिंग क्लब ऑफ इंदौर, डेली कॉलेज, ब्लू स्पेस एक्वेटिक्स एवं एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी।

बालक एवं बालिका वर्ग की स्पर्धाओं में कई उभरते हुए खिलाड़ियों ने शानदार टाइमिंग निकालकर आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। छोटे आयु वर्ग के खिलाड़ियों के उत्साह एवं आत्मविश्वास ने प्रतियोगिता को और आकर्षक बना दिया।

प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का दूसरे दिन आज सुबह एवं शाम के सत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसमें शेष स्पर्धाएं संपन्न होंगी।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आज शाम पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। साथ ही गत वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले जिले के प्रतिभाशाली तैराक खिलाड़ियों का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों से प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# आज मिलेगी फाइनल की पहली टीम, हारने वाली नहीं होगी बाहर





**धर्मशाला ।** आईपीएल 2026 का पहला फाइनलिस्ट आज मिलने वाला है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के बीच पहला क्वालीफायर आज धर्मशाला में खेला जाना है। जीतने वाली टीम को सीधे फाइनल का टिकट मिलेगा। हारने वाली टीम को दुख जरूर होगा, लेकिन उनके पास भी फाइनल में जाने का मौका होगा, क्योंकि क्वालीफायर 1 हारने वाली टीम क्वालीफायर 2 में एलिमिनेटर की विजेता टीम से भिड़ना होगा। आईपीएल के 19वें सीजन का एलिमिनेटर मैच कल सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच होगा।

धर्मशाला में विराट कोहली की टीम के सामने शुभमन गिल की टीम होगी। दोनों टीमों ने लीग फेज में 14 में से 9-9 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के खाते में 18-18 पॉइंट्स रहे हैं। हालांकि, नेट रन रेट आरसीबी का अच्छा रहा है। इसका फायदा आगे भी उन्हें मिल सकता है। अगर बारिश के कारण क्वालीफायर 1 मैच आयोजित नहीं हुआ तो फिर आरसीबी को ही फाइनल का टिकट मिलेगा। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार धर्मशाला में बारिश खेल खराब नहीं करने वाली है। ऐसे में फैंस को पूरा मैच देखने को मिलेगा, जिसके लिए भारी संख्या में फैंस धर्मशाला और आसपास के शहरों में पहुंच चुके हैं।

आईपीएल 2026 का क्वालीफायर 1 मुकाबला शाम को साढ़े 7 बजे से शुरू होगा। 7 बजे मैच में टॉस होगा। प्लेऑफ्स के मैचों के लिए अतिरिक्त समय भी होता है, जिस वजह से फैंस को चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मैच को पूरा आयोजित करने की योजना बोर्ड की होती है। आरसीबी और जीटी के बीच दो मुकाबले इस सीजन खेले गए हैं और उनमें से एक मैच में आरसीबी को जीत मिली है, जबकि जीटी को भी एक मैच में जीत नसीब हुई है। हेड टू हेड रिकॉर्ड पर नजर डालें तो दोनों का रिकॉर्ड बराबरी का है। 8 मैच दोनों के बीच खेले गए हैं और उनमें से 4-4 मैचों में दोनों को जीत मिली है। जीटी की टीम में कोई इंजरी की समस्या नहीं है, लेकिन आरसीबी के साथ चोट एक बड़ी समस्या है। जैकब बेथेल टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फिल साल्ट फिट हैं, लेकिन शायद उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा, क्योंकि विराट कोहली के साथ वेंकटेश अय्यर ओपन करने वाले हैं। गुजरात टाइटन्स के साथ समस्या सिर्फ मैच फिनिशर की रही है। राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत संधू और राशिद खान मैच अच्छे से फिनिश नहीं कर पा रहे हैं। टॉप ऑर्डर से ही रन बन रहे हैं। वॉशिंगटन सुंदर भी लगातार बल्ले से छाप छोड़ रहे हैं।

# सितारा-ए-इंदौर बाहुबली दंगल 14 जून को

**इंदौर।** सितारा-ए-इंदौर बाहुबली दंगल का आयोजन इस बार 14 जून को होने जा रहा है, यह आयोजन मध्य प्रदेश कुश्ती संघ पूर्व अध्यक्ष बन्ते यादव पहलवान की स्मृति में होगा । मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव ने बताया कि विक्रम अवार्डी पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश कुश्ती संघ बन्ते यादव पहलवान की स्मृति में आयोजित होने वाले सितारा-ए-इंदौर बाहुबली कुश्ती दंगल का यह 28वां वर्ष से इस दंगल में इस बार देश के बड़े-बड़े पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। गर्मी और बारिश को देखते हुए यह दंगल इस बार इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, पुरुष पहलवानों के साथ साथ देश की पदक विजेता महिला पहलवानों के मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे या दंगल देश का पहला दंगल है जो लगातार 27 वर्षों से आयोजित हो रहा है जिसमें शहर, प्रदेश, देश और विदेश के कई पहलवान अपना दम कम दिखा चुके हैं। दंगल का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को कुश्ती खेल से जोड़ना एवं नशाखोरी से उन्हें दूर करना है, उक्त दंगल स्व. दादा ताराचंद बालिका रेसिंग सेंटर के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी आयोजक युसूफ कुरेशी पहलवान ने दी, दंगल को सफल बनाने के लिए जल्द ही आयोजन समिति का गठन किया जाएगा।

# एशियाई कुश्ती में मध्यप्रदेश के नीरज पटेल ने कांस्य पदक जीता



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के नीरज पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया में अग्रणी माने जाने वाले कजाकिस्तान के पहलवान को 4-0 से हराकर देश को कांस्य पदक दिलाया। इस सफलता पर नारायण यादव, ओलम्पियन पप्पू यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव, गोविंद गुर्जर, विकास यादव साथ ही इनके प्रशिक्षक जगदीश पटेल, मंगल यादव, राजेंद्र पांजरे व इनके साथ गये भारतीय टीम के कोच गौरव आर्य के बधाई दी। नीरज के पदक जीतने पर पूरे मध्यप्रदेश में कई जगह आतिशबाजी व खुशी जाहिर की गई।



# विराट कोहली ने जमकर की प्रैक्टिस, लय में नजर आए किंग

**धर्मशाला ।** आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले क्वालीफायर से एक दिन पहले विराट कोहली ने धर्मशाला में खूब प्रैक्टिस की और पसीन बहाए। इस दौरान वे लय में दिखाई दिए। आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2026 का पहला क्वालीफायर धर्मशाला में आज शाम खेला जाना है। इस मैच के लिए दोनों टीमों ने एक दिन पहले जोरदार प्रैक्टिस की है।

# कूडो बेल्ट ग्रेडिंग में सफलता प्राप्त की

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया की कूडो बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन इंदौर जिला कूडो ऐसोसिएशन के द्वारा स्कूल में किया गया जिसमें मेधांश सिंह सिसौदिया ने येलो बेल्ट और हिमांशी सिसौदिया ने परपल बेल्ट प्राप्त करने में सफलता हासिल की। दोनों विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।



# वेद, सौम्या, कियान एवं अनुष्का ने जीता चेकमेट चैलेंज खिताब

**इंदौर।** डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन इंदौर एवं यूनाइट इंदौर चेस क्लब के तत्वावधान तथा द डायसपार्क स्कूल की मेज़बानी में आयोजित एक दिवसीय चेकमेट चैलेंज रैपिड शतरंज स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मध्यप्रदेश शतरंज संघ के सचिव कपिल सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, खिलाड़ियों एवं परिजनों को संबोधित करते हुए, सक्सेना ने बच्चों के जीवन में शतरंज खेल के महत्व पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर इंटरनेशनल आर्बिटर एवं नेशनल इंस्ट्रक्टर सुनील सोनी को स्पर्धा में सहयोग एवं मार्गदर्शन देने के लिए विशेष रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । स्पर्धा के चारो वर्गों में प्रथम 10 स्थानों पर आने वाले विजेताओं को नगद पुरस्कार राशि के साथ ही ट्रॉफी एवं मेडल्स के साथ मुख्य अतिथि, कमल वर्मा एवं स्पर्धा समन्वयक शिशिर देशमुख द्वारा मंच से सम्मानित किया गया। निर्णायक दल से मुख्य निर्णायक एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर योगेश मोहिते, नीरज सिंह कुशवाह के साथ ही अजय सोनी, आकांक्षा आस्तिक, आशा मंसारे, ज्योति सोनी एवं ओम कुशवाह ने स्पर्धा को निर्विरोध रूप से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# क्रेटा कार से 29 पेटी अवैध शराब जब्त कर एक आरोपी गिरफ्तार

## शराब और 10 लाख की कार ज़ब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



बडगोंदा पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 29 पेटी अंग्रेजी शराब और एक क्रेटा कार जब्त की है। पकड़े गए आरोपी का नाम जयदीप चौहान उम्र 25 साल निवासी ग्राम भोपालिया, थाना बखतगढ़, जिला अलीराजपुर बताया है।

सोमवार 25 मई क्रो पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर से मानपुर की ओर एक सफेद रंग की क्रेटा कार में अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना पर बडगोंदा पुलिस ने फोरलेन पर बेरिकेटिंग कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध क्रेटा कार बेरिकेट से पहले रुकी और चालक वाहन को मोड़कर एबी रोड से जामली मार्ग की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्काल पीछा कर बालाजी मंदिर के पास महू-मंडलेश्वर रोड पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर 10 पेटी किंगफिशर, 16 पेटी माउंट 6000 बीयर, एक पेटी सिग्नेचर व्हिस्की, एक पेटी मैजिक मोमेंट और एक पेटी बकार्डी लेमन रम सहित 293.88 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 94,900 रुपए आंकी गई है। साथ ही करीब 10 लाख रुपए कीमत की क्रेटा कार एमपी 11 सीसी 3832 जब्त की है। थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# युवक पर चाकू और पत्थरों से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

तिलक नगर थाना क्षेत्र में देर रात आपसी विवाद के बाद एक युवक पर चाकू और पत्थरों से हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नशे में धुत आरोपियों ने युवक के दोनों पैरों पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त को भी जमकर पीटा। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, साईं श्रद्धा कॉलोनी खजराना निवासी विशाल पिता संतोष सोलंकी किसी काम से संविद नगर इलाके में गए थे। वहां उन्हें आरोपी आयुष वर्मा निवासी बख्तावर राम नगर मिला, जो अत्यधिक नशे की हालत में था। आयुष बिना किसी बात के अचानक विशाल को देखकर गालियां देने लगा। जब विशाल ने उसे सरेराह गाली देने से मना किया, तो विवाद बढ़ गया। विवाद के दौरान ही आयुष का साथी पवन निवासी संविद नगर भी मौके पर पहुंच गया।

### बीच-बचाव करने आए दोस्त को भी पीटा

दोनों आरोपियों ने अचानक अपने पास से चाकू निकाल लिए। आयुष ने विशाल पर चाकू से वार किया, जो उनके दाहिने पैर में लगा। इसी बीच पवन ने भी चाकू से हमला कर विशाल के बाएं पैर की जांघ पर गहरा घाव कर दिया। इतने पर भी आरोपियों का मन नहीं भरा, तो उनके तीसरे साथी छोटू ने विशाल पर पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। विशाल को पिटता देख उनके दोस्त निखिल ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया और उन्हें आरोपियों से छुड़ाया।

इस पर तीनों आरोपियों ने निखिल को घेर लिया और उसके साथ भी लात-मुक्कों से जमकर मारपीट की। चीख-पुकार सुनकर जब विशाल यादव और आसपास के अन्य लोग मौके पर जमा होने लगे, तो भीड़ को आता देख तीनों आरोपी वहां से भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने धमकी दी किआज के बाद इस इलाके में दिखे, तो जान से खत्म कर देंगे।

# बीड़ी-माचिस न देने पर सिरफिरे ने युवक का सिर फोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवक को सिर्फ इसलिए लहूलुहान कर दिया गया क्योंकि उसने एक अन्य युवक को बीड़ी और माचिस देने से मना कर दिया था। आरोपी ने इस मामूली बात पर तैश में आकर डंडे से हमला कर युवक का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार, घटना सांवेर रोड स्थित मौनी बाबा आश्रम के सामने, नरवल भैरू बाबा मंदिर के पास की है। शिवकंठ नगर निवासी फरियादी अर्जुन सिसोदिया पिता कैलाश सिसोदिया पेशे से ड्राइवर हैं। वे अपने साथी ड्राइवर दिनेश मंगल और प्रेम कौशल के साथ दोपहर में मंदिर के पास पेड़ की छांव में बैठे हुए थे। इसी दौरान मौनी बाबा आश्रम के सामने रहने वाला आरोपी गणेश उर्फ आयलू गणेश कौशल पिता कन्हैया उनके पास पहुंचा। आरोपी गणेश उर्फ आयलू ने अर्जुन के पास आकर उनसे बीड़ी और माचिस की मांग की। जब अर्जुन ने उससे कहा कि उनके पास बीड़ी-माचिस नहीं है, तो आरोपी इतने में ही आपा खो बैठा। वह अर्जुन के साथ सरेराह गालियां देने लगा। जब अर्जुन और उनके साथियों ने उसे गाली-गलौज करने से मना किया, तो विवाद और बढ़ गया। गाली देने से रोकने पर आरोपी गणेश पास ही पड़ा एक भारी-भरकम डंडा उठा लाया और अर्जुन पर अचानक हमला कर दिया। उसने डंडे से अर्जुन के सिर पर पीछे की तरफ जोरदार वार किया। हमला इतना तेज था कि अर्जुन का सिर फट गया और मौके पर ही खून बहने लगा। अर्जुन को लहूलुहान देख उनके साथी बीच-बचाव के लिए दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। जाते-जाते उसने कहा किआज के बाद मुझे बीड़ी-माचिस देने से मना किया, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# बिना अनुमति बर्थडे पार्टी रखने पर फार्म हाउस मालिक पर केस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

खुड़ैल थाना क्षेत्र के कम्पेल चौकी इलाके में जिला प्रशासन और कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां उड़ाने का एक मामला सामने आया है। यहाँ ग्राम उज्जैनी स्थित 'बंसल फार्म हाउस' में बिना किसी प्रशासनिक अनुमति और स्थानीय पुलिस को सूचना दिए देर रात एक बर्थडे पार्टी का आयोजन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने तस्दीक के बाद फार्म हाउस के मालिक के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टोरेट एवं जिला दंडाधिकारी के प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर और स्थानीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि कंपेल चौकी क्षेत्र के ग्राम उज्जैनी में स्थित बंसल फार्म हाउस में देर रात भारी भीड़ जमा है और वहाँ तेज़ आवाज़ में संगीत के बीच एक जन्मदिन की पार्टी का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक करने और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जब खुड़ैल पुलिस और कम्पेल चौकी की संयुक्त टीम अचानक फार्म हाउस पर जांच के लिए पहुँची, तो वहाँ बड़े पैमाने पर पार्टी चलती हुई पाई गई। जांच के दौरान जब पुलिस अधिकारियों ने फार्म हाउस के मैनेजर और आयोजकों से इस देर रात पार्टी के संबंध में जिला प्रशासन या सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैध अनुमति पत्र की मांग की, तो वे कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पूछताछ में यह भी साफ हुआ कि इस आयोजन के संबंध में न तो संबंधित कंपेल चौकी को कोई लिखित सूचना दी गई थी और ना ही खुड़ैल थाने को अवगत कराया गया था। इंदौर पुलिस के मुताबिक, वर्तमान में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी बड़े सार्वजनिक या निजी आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति इतनी बड़ी पार्टी का आयोजन कर फार्म हाउस संचालक ने सीधे तौर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के कानूनी आदेशों की अवहेलना की है।

# ईद को लेकर पुलिस की बड़ी तैयारी

### *सदर बाजार और मल्हारगंज शांति समिति की संयुक्त बैठक संपन्न, डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत और एसीपी विवेक सिंह चौहान ने लिए सुरक्षा के जायजे, त्योहार को आपसी सौहार्द और शांति से मनाने की अपील*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

गंगा-जमुनी तहजीब और त्योहारों को मिलजुलकर मनाने की इंदौर की परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने मैदानी स्तर पर कवायद शुरू कर दी है। संवेदनशील माने जाने वाले पश्चिम क्षेत्र के सदर बाजार और मल्हारगंज थाना इलाकों में आगामी ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण और गरिमामय माहौल में संपन्न कराने के लिए अफसरों ने कमान संभाल ली है।

मल्हारगंज में आयोजित इस संयुक्त बैठक के दौरान डीसीपी जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत और एसीपी विवेक सिंह चौहान ने दोनों ही थाना क्षेत्रों के शांति समिति के पदाधिकारियों से सीधा संवाद किया।



अधिकारियों ने त्योहार के दौरान मस्जिदों के आसपास यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली और पानी की सुचारू उपलब्धता को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही दोनों क्षेत्रों के संवेदनशील चौराहों और गलियों के जमीनी फीडबैक पर भी विमर्श किया गया।

### अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्यों ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि हर बार की तरह इस बार भी ईद का त्योहार पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने सख्त लहजे में कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम पर किसी भी तरह की भ्रामक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों पर सायबर सेल की पैनी नजर रहेगी। अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सीधे जेल भेजने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस का संदेशः सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने बैठक में निर्देश दिए कि ईद की नमाज और त्योहार के दिन दोनों थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस की मोबाइल टीमें लगातार गश्त करेंगी। शांति समिति के सदस्यों से भी अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहें और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत संबंधित थाना प्रभारियों या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।